www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 207 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
19 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:07
सूर्यास्तः 05:35
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 18°00



पेज 07

विशेष समाचार
सामाजिक सुरक्षा का कवच ... » पेज 04
जेल जाना पड़े तो चले जाएंगे ... » पेज 06
भारत छोड़ने के नोटिस के ...

भीड़, बारिश और एक ही गेट, कोलकाता भगदड़ में होम गार्ड की भूमिका पर उठे सवाल



सरकारी शवगृह के बाहर मौजूद एक पीड़ित परिवार, जिनके क़रीबी की शनिवार को भगदड़ में मौत हो गई

- घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी जांच का हिस्सा हैं। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 25 लोग घायल हैं और उनका उपचार चल रहा है।
- पुलिस ने घटनास्थल की परिस्थितियों, पंडाल के प्रवेश और निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण तथा सुरक्षा इंतजामों की जांच शुरू की है। आयोजकों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

7 आरोपियों को 10 दिन की न्यायिक हिरासत

आसपास के इलाकों में तीन दिनों तक निषेधाज्ञा

पुलिस ने चोरबागान और आसपास के इलाकों में तीन दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू की है। इसके तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एक साथ जुटने पर रोक रहेगी। सेंट्रल एवेन्यू, कालेज स्ट्रीट और कोलूटोला समेत कई इलाकों में धारा 163 लागू कर दी गई है। पुलिस का उद्देश्य हादसे के बाद किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोकना और इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

घायलों से अस्पताल जाकर मिले गृह मंत्री शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घायल हुए लोगों से रविवार को यहां अपोलो अस्पताल जाकर मुलाकात की। गृह मंत्री ने उनका हाल जाना और चिकित्सकों से भी उनके स्वास्थ्य के बारे में बात की। इस दौरान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी उनके साथ थे। घायलों से मुलाकात से पहले गृह मंत्री मुख्यमंत्री शुभेंदु के साथ चोरबागान में पूजा पंडाल में हादसे वाली जगह भी पहुंचे और वहां का जायजा लिया। उससे पहले सुबह में गृह मंत्री ने कालीघाट मंदिर जाकर दर्शन-पूजन किया। मालूम हो कि शनिवार रात कोलकाता दौरे पर पहुंचे शाह ने इस हादसे के बाद बंगाल में रविवार को हावड़ा के बेलूर मठ सहित विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में जाने के अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए थे।

- बड़े दुर्गापूजा पंडालों की जांच के लिए मुख्यमंत्री ने बनाई टीम
- दुर्गा पूजा पंडालों में अब नहीं होगी वीआइपी लाइन

दुर्गा पंडालों में सुरक्षा की हो समुचित व्यवस्था : योगी

निर्देश

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में लगाए गए दुर्गा पंडालों और आमजन की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। बस्ती दौरे पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री ने शासन व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल में दुर्गापूजा में हुई जनहानि पर शोक जताते हुए शासन, प्रशासन, पुलिस व ऊर्जा विभाग आदि के अधिकारियों को समुचित सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दुर्गा पंडालों में सुरक्षा के संबंध में सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान को निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं पंडालों में अग्नि सुरक्षा की अवश्य जांच कराएं। >> (शेष पेज 06 पर)



सीएम ने बलरामपुर हादसे पर जताया शोक, मुआवजे का एलान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में रविवार सुबह सड़क दुर्घटना पर शोक जताया। यहां देहात क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से हुई जनहानि पर सीएम ने दुख प्रकट किया और जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का भी एलान किया।



कैसे बिगड़ी पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था?

पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि पंडाल में भीड़ का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए थे। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के पर्याप्त इंतजाम मौजूद थे या नहीं। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने भगदड़ की परिस्थितियों और उसके कारणों की जांच के लिए एक तथ्य-जांच टीम गठित करने की भी घोषणा की। टीम घटना से जुड़ी परिस्थितियों की पड़ताल करेगी, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद सीएम ने कहा कि पंडाल के भीतर नहीं बल्कि निकासी गेट के निकट घटना हुई है।



मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,


आप सभी को शक्ति से सृजन के महापर्व शारदीय नवरात्र की महानवमी की हृदय से बधाई एवं विजयादशमी की अनंत शुभकामनाएं। मां दुर्गा का प्रबल पराक्रम और प्रभु श्रीराम का धर्मनिष्ठ जीवन हमें अन्याय के प्रतिकार, नारी-सम्मान तथा कर्तव्यपालन की प्रेरणा देता है। ***अन्यायी एवं अधर्मी चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। विजयादशमी इसी शाश्वत सत्य का प्रतीक है।***

सनातन संस्कृति विजय के उल्लास में विनम्रता और ज्ञान के प्रति सम्मान का भाव भी सिखाती है। लंका विजय के पश्चात प्रभु श्रीराम ने अपने अनुज लक्ष्मण जी को मृत्यु शय्या पर पड़े रावण से ज्ञान प्राप्त करने के लिए भेजा। ***प्रभु श्रीराम ने स्वर्णमयी लंका के वैभव के बजाय जन्मभूमि अयोध्या को वरीयता दी और लंका का राजपाट उसके उत्तराधिकारी को सौंपा। उनके श्रीमुख से निकले शब्द, "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी", मां और मातृभूमि के प्रति प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं।***

विजयादशमी के व्यापक संदेश में आत्मसंयम, समता, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्य हमारी विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं में अलग-अलग रूपों में अभिव्यक्त होते हैं। ***प्रभु श्रीराम का जीवन समरसता और सामाजिक एकात्मता का प्रतीक है।*** *रामलीला का मंचन हो या इसे देखने के लिए आने वाले दर्शक, सब बिना किसी भेदभाव के उत्साह के साथ इन उत्सवों में हिस्सा लेते हैं। प्रभु श्रीराम कथा के आदर्श भारतवर्ष तक ही सीमित नहीं हैं, अपितु विश्व के अनेक देशों की सांस्कृतिक परंपराओं में घुलमिल गए हैं। इन आदर्शों की सार्थकता तभी है, जब वे हमारे आचरण और शासन-व्यवस्था में भी प्रतिबिंबित हों।*

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप हमारी सरकार ने प्रदेश में कानून के शासन और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। माफिया और संगठित अपराध के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर भयमुक्त वातावरण बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए हैं। *माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाए गए हैं। मुझे संतोष है कि इसी क्रम में* ***प्रयागराज के कसारी-मसारी में माफिया के कब्जे से मुक्त भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनेंगे। यह क्षेत्र 'श्रीकृष्णपुरी' के रूप में विकसित होगा।*** *अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति ने कानून के प्रति विश्वास सुदृढ़ करने और निवेश, उद्योग एवं विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में योगदान दिया है।*

सुरक्षित एवं समरस समाज के निर्माण के लिए शासन के प्रयासों के साथ जनभागीदारी भी आवश्यक है। ***मेरा आपसे विशेष आग्रह है कि इस विजयादशमी पर अहंकार, अन्याय, भेदभाव और नकारात्मकता रूपी रावण के दहन के साथ नशे की लत, पारिवारिक कलह, जातीय भेदभाव और दहेज-प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति का संकल्प भी लें।*** *यदि हमारे आसपास कोई व्यक्ति किसी व्यसन से पीड़ित है, तो उसे तिरस्कार नहीं, सहयोग और संवेदना देते हुए स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। सामूहिक संकल्प और जनभागीदारी से ही स्वस्थ परिवार, सशक्त समाज और समृद्ध उत्तर प्रदेश का स्वप्न साकार होगा।*



आपका
योगी आदित्यनाथ

शक्ति से सृजन

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

फास्ट न्यूज

टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में 5 राउंड फायरिंग

मुंबई। एक्टर टाइगर श्रॉफ पर रविवार शाम 7 बजे मुंबई में फायरिंग हुई। एक बाइक पर सवार 3 लोगों ने उन पर 5 राउंड फायरिंग की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फुटबॉल खेलकर लौटते वक्त टाइगर की कार जुहू के पुष्पा पार्क के पास रुकी। यहां उन्हें देखने के लिए भीड़ जमा हो थी।

मांग हिरासत

सीजेपी बोली- सौरव और आशुतोष को रिहा किया जाए

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने सौरव दास और आशुतोष रांका की रिहाई की मांग की है। दोनों तिहाड़ जेल में पांच दिन की न्यायिक हिरासत में हैं।

CJP की कानूनी टीम ने स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के सामने जमानतदारों के दस्तावेज जमा किए हैं। दोनों की रिहाई पर रविवार दोपहर तक फैसला आने की उम्मीद है। दरअसल, पुलिस ने दोनों को अन्य CJP कार्यकर्ताओं के साथ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान 13 अक्टूबर को पकड़ा था। इसके बाद स्पेशल कोर्ट ने दोनों को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया था।

कुकी-नगा समुदायों के बीच गोलीबारी

इंफाल। मणिपुर के कामजोंग जिले के चसाद गांव में शनिवार को कुकी और नगा समुदायों के हथियारबंद समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-इसाक मुइवा और म्यांमार के तांगखुल उग्रवादी थे।

26 घायल, शीतला माता के दर्शन के लिए लाइन में खड़े थे

ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचला, 15 मौतें

दुर्घटना

9 अफसर सस्पेंड

तमसा संकेत, एजेंसी

ग्वालियर । ग्वालियर में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। दो पुलिसकर्मी समेत 26 लोग घायल हैं। हादसा देर रात करीब 1:30 बजे चीनौर रोड पर ढलान के पास हुआ। सभी श्रद्धालु शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए सड़क किनारे लाइन में लगे थे। तभी चीनौर की ओर से आ रहा धान से भरा ट्रक करीब 90 डिग्री के ढलान पर बेकाबू हो गया। ड्राइवर गूगल मैप की मदद से ट्रक चला रहा था। ढलान पर ट्रक पुलिस चेकपोस्ट तोड़ते हुए लोगों को कुचलकर मंदिर की बाहरी दीवार और गेट से जा टकराया। इससे मंदिर की दीवार ढह गई। कई लोग मलबे में दब गए। घायलों को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद परिजन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। >> (शेष 06 पर)



सिंधिया ट्रामा सेंटर पहुंचे, ग्रीन कारपेट बिछाया गया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। उनके आने पर सेंटर के बाहर ग्रीन कारपेट बिछाया गया था। इसे देखकर सिंधिया ने नाराजगी जताई और कहा, "मेरे लिए काहे का ग्रीन कारपेट? ये गलत है। मैं ग्वालियर का हूं, ग्वालियर मेरा है।"

भारत न तो बांग्लादेश न फ्रांस : रिजिजू

इंडिया में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन सिर्फ चुनावों के जरिए

आलोचना

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को आरोप लगाया कि फ्रांस और बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं जैसी साजिश भारत में भी रची गई थी। कुछ नेताओं ने युवाओं को भड़काने और सड़कों पर हिंसा फैलाने की कोशिश की।

रिजिजू ने कहा कि ऐसी खतरनाक साजिश रचने वाले यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। भारत में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन केवल चुनावों के जरिए, सोरोस के जरिए नहीं। आपको हमारा लाल सलाम। आज भारत में जो जेन-जी आंदोलन हो रहा है, वह सबसे पहले बांग्लादेश में शुरू हुआ। आपने हमें रास्ता दिखाया, इसके लिए हम आपके शुक्रगुजार हैं। हम जानते हैं कि बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों के लिए था। आज भारत में युवा जिस आंदोलन में हिस्सा ले रहे हैं, वह भी लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। हम जानते हैं कि बांग्लादेश में युवा धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ रहे थे। भारत में जेन-जी भी यही लड़ाई लड़ रहा है। >> (शेष पेज 06 पर)



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नेहा बोरा के बांग्लादेश से प्रेरित आंदोलन वाले बयान की आलोचना की।

रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट के अलावा एक वीडियो भी शेयर किया। जिसमें राहुल गांधी और नेहा बोरा को दिखाया गया है। दरअसल 14 अक्टूबर पहले नेहा बोरा का बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के समर्थन वाला वीडियो सामने आया था।

नेहा बोरा ने कहा था- भारत का जेन-जी आंदोलन बांग्लादेश से प्रेरित

नेहा बोरा ने दो दिन पहले बांग्लादेश के सोशलिस्ट स्टूडेंट्स फ्रंट (SSF) को उनके छठे सेंट्रल कॉन्फ्रेंस के लिए बधाई देते हुए एक वीडियो मैसेज भेजा था। इसमें उन्होंने कहा कि भारत का जेन-जी आंदोलन बांग्लादेश के आंदोलन से प्रेरित है। SSF बांग्लादेश के छात्र आंदोलन और तख्तापलट के घटनाक्रमों में सक्रिय था।


मंजूरी : पूर्वांचल और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होंगे औद्योगिक क्षेत्र

औद्योगिक क्लस्टर को 507.52 करोड़ मंजूर

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए बेवाना और कटका में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आइए-मएलसी) की स्थापना की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ी है। दोनों परियोजनाओं के अवस्थापना विकास के लिए 616.77 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके सापेक्ष 507.52 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। बजट स्वीकृत होने के बाद अब परियोजनाओं से जुड़ी अगली कार्रवाई की उम्मीद बढ़ी है।

इन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए जिले में तैनात रहे पूर्व जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भी प्रयास किए थे। परियोजनाओं का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों के लिए जरूरी आधारभूत सुविधाएं विकसित करना है। इससे जिले में उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने का रास्ता तैयार होगा। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास का मुद्दा विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडेय ने भी उठाया था। उन्होंने बीते अप्रैल में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इन क्षेत्रों के विकास की मांग की थी। >> (शेष पेज 06 पर)



> बेवाना में अवस्थापना विकास के लिए 284 करोड़ 80 लाख 62 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं। इस राशि से औद्योगिक क्षेत्र के विकास से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं पर काम आगे बढ़ सकेगा।

कटका में 361 एकड़ भूमि पर औद्योगिक विकास की तैयारी

जलालपुर तहसील क्षेत्र में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निकट कटका में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना है। इसके लिए अजमलपुर, नूरपुर कला और गौरा बड़ाह गांवों में 361 एकड़ भूमि प्रस्तावित है। यहां अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 222 करोड़ 71 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दोनों परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने प्रस्ताव तैयार कर योजना विभाग को भेजा था। बजट स्वीकृति से अवस्थापना विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता खुला है।

570 एकड़ भूमि पर विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र

अकबरपुर तहसील क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 161.100 किलोमीटर पर बेवाना औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित है। इसके लिए बेवाना, जगदीशपुर मुस्लिमपट्टी और खानजहांपुर गांवों में 570 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की गई है। यहां औद्योगिक भूखंडों की आवंटन दर 4,950 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रस्तावित है।

मुझ पर केस किया तो मामला लीगल हो जाएगा : राहुल गांधी


हर राज्य में वोट चोरी की बात कहता हूं

स्पीच

तमसा संकेत, एजेंसी

पणजी। राहुल गांधी ने रविवार को गोवा में कहा कि मैं हर स्टेट से कहता हूं पीएम वोट चोरी करते हैं। लेकिन मुझ पर कोई केस दर्ज नहीं होता। क्योंकि, ये जानते हैं कि अगर केस हुआ तो मामला लीगल हो जाएगा और ये फंस जाएंगे।

दिल्ली में हम कुछ ही समय में पीएम, गृहमंत्री से निपट लेंगे। काम जारी है। सरकार की एक्सपायरी डेट आने वाली है। आपने देखा है कि आजकल पीएम सामने खड़े नहीं हो सकते हैं। क्योंकि ये जानते हैं कि देश का युवा इनके खिलाफ खड़ा हो गया है। राहुल कांग्रेस के जनसंपर्क अभियान 'गोय राखोन यात्रा' में शामिल होने गोवा पहुंचे थे। यहां कांग्रेस की 28 दिन लंबी यात्रा का समापन हुआ है। राहुल का पिछले 4 सालों में यह पहला गोवा दौरा है। इससे पहले 2022 में वह यहां आए थे। गोवा में अगले साल 2027 में विधानसभा चुनाव हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



राहुल जिस यात्रा में शामिल हुए, उसने सभी 40 सीटें कवर की

लखनऊ में कीचड़-बदबू से परेशानी, सीतापुर में पानी में डूबी धान की फसल

यूपी में बारिश थमी, अगले एक सप्ताह शुष्क रहेगा मौसम

अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी, प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कमजोर पड़ने के बाद बारिश का दौर थम गया है। शनिवार को प्रदेशभर में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

इस दौरान दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने के आसार हैं। शनिवार को प्रदेश के किसी भी जिले के लिए बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया गया।

दूसरी ओर, प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का असर अब भी बना हुआ है। लखनऊ में गोमती का जलस्तर घटने के बाद भी प्रभावित इलाकों में कीचड़, कचरे और बदबू से लोग परेशान हैं। सीतापुर में खेतों में पानी भरा होने से धान की फसल को नुकसान का खतरा है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद सफाई और संक्रमण से बचाव की चुनौती बढ़ गई है। इसी बीच उल्टी-दस्त और वायरल बुखार के मरीज बढ़ने की जानकारी सामने आई है। डेंगू के 16 नए मरीज मिलने से भी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं।

> वहीं, प्रयागराज के झूंसी में गंगा के बीच स्थित करीब 20 साल पुराना तीन मंजिला आश्रम ढह गया। मलबे में तीन लोगों के दबने की सूचना मिली, जिनमें से दो को बचा लिया गया। तीसरे की तलाश जारी है।

अगले 7 दिन बारिश के आसार नहीं

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कमजोर होने के बाद प्रदेश में बारिश की गतिविधियां थम गई हैं। आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। दिन में धूप निकलने से अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं। इससे सुबह और रात के समय हल्की ठंडक महसूस हो सकती है।

लखनऊ में पानी घटा, लेकिन कीचड़ और बदबू से परेशानी

लखनऊ में गोमती नदी का जलस्तर घटने के बाद बाढ़ प्रभावित इलाकों से पानी उतरने लगा है, लेकिन लोगों की मुश्किलें अभी कम नहीं हुई हैं। कॉलोनियों और गलियों में कीचड़ जमा है। कई जगह कचरे के ढेर और दुर्गंध से लोगों को परेशानी हो रही है।

भाजपा में सम्मान नहीं मिला अखिलेश ने थामी डोर

संजयन त्रिपाठी बोले- सपा में खुश हूं, एमएलसी चुनाव में जीत पक्की

तमसा संकेत, एजेंसी



गोरखपुर । गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे सपा प्रत्याशी ने भाजपा छोड़ने और सपा में शामिल होने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि भाजपा में 6 साल तक सम्मान नहीं मिला, जबकि सपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें पूरा सम्मान दिया है।

शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों, भाजपा छोड़ने और सपा में शामिल होने के फैसले पर उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा कि शिक्षक हितों के लिए सदन में आवाज उठाना चाहते हैं और उन्हें अपनी जीत की पूरी उम्मीद है।

सपा प्रत्याशी ने कहा कि वह पहले निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अब पार्टी के साथ हैं। उनका दावा है कि शिक्षकों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है और सीबीएसई स्कूलों के मतदाताओं का समर्थन उनकी जीत के लिए काफी होगा। संजयन त्रिपाठी ने बताया कि जब वह सपा में शामिल होने के लिए लखनऊ जा रहे थे, तब भाजपा के एक बड़े प्रदेश स्तरीय नेता का फोन आया। उस समय वह आधे से ज्यादा रास्ता तय कर चुके थे। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से उनकी बात हो चुकी थी, इसलिए लौटने का सवाल नहीं था।

उन्होंने बताया कि लखनऊ पहुंचने के बाद दिल्ली से भी एक बड़े व्यक्ति का फोन आया, लेकिन उन्होंने बात करना उचित नहीं समझा। संजयन ने कहा कि जब छह साल में भाजपा में उनका सही मूल्यांकन नहीं हुआ, तो पार्टी छोड़ने के बाद क्या होता। वह सपा में आने के फैसले से संतुष्ट हैं।

उन्होंने कहा, "मैं खुश हूं, चुनाव का परिणाम जो भी हो। भगवान की कृपा से मेरे पास किसी चीज की कमी नहीं है। मैं राजनीति में कुछ रचनात्मक और सकारात्मक करने की इच्छा से आया हूं। अगर सदन में पहुंचा तो शिक्षकों की बात मजबूती से रख सकूंगा।" संजयन त्रिपाठी ने कहा कि वह साहित्यकार हैं और संवेदन-शील व्यक्ति हैं। उन्होंने भाजपा से बहुत मन से जुड़ाव रखा था, लेकिन कई बार उन्हें लगा कि कहीं वह एकतरफा प्रेम तो नहीं कर रहे हैं।

फास्ट न्यूज

एयर शो के लिए तैयार हो रहा नमो घाट

वाराणसी। वाराणसी में आगामी 22, 24 और 25 अक्टूबर को एयर फोर्स के 94वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य एयर शो नमो घाट के सामने गंगा में प्रस्तावित है। इसका नाम एयर फोर्स ने 'विंग्स ओवर गंगा' तय किया है। इसके लिए नमो घाट को सेना ने अपनी सुरक्षा में ले लिया है। एयर फोर्स के साथ ही साथ मध्य कमान की कम्यूनिकेशन टीम नमो घाट पर सभी व्यवस्थाओं को पूरा करवा रही है तो अस्थायी ATC टावर बनकर तैयार हो गया है।

वाराणसी में छात्र यदु ने बनाई दुर्गा प्रतिमा

वाराणसी। वाराणसी में कक्षा 11 के छात्र यदु यादव ने अपने हाथों से मां दुर्गा की दो फुट की प्रतिमा बनाई है। सौम्य स्वरूप में सजी यह प्रतिमा देखने में सजीव लगती है। यदु वर्ष 2018 से मां दुर्गा का दरबार सजा रहे हैं। प्रतिमा बनाने से लेकर दरबार की सजावट तक का काम वह स्वयं करते हैं। यदु ने बताया कि वर्ष 2018 में उनके मन में घर पर मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने का विचार आया। इसके बाद उन्होंने मिट्टी से मां की प्रतिमा तैयार की। तब से यह परंपरा जारी है। महाष्टमी से दशमी तक घर के मंदिर में मां का दरबार सजाया जाता है। इसके बाद घर में बनाए गए अस्थायी कुंड में प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।

कानपुर में तेज रफ्तार गाड़ी ने एमआर को कुचला

कानपुर । कानपुर में रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह करीब पांच फीट उछलकर सड़क पर गिरा और घिसटते हुए आठ मीटर दूर तक चला गया। उसे कांशीराम अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पत्रकारों की एकजुटता और अधिकारों की लड़ाई को मिलेगी मजबूती

मीडिया महासंघ ने बढ़ाया संगठन का दायरा

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। पत्रकारिता केवल समाचारों के संकलन और प्रकाशन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की समस्याओं को सामने लाने और आम जनता की आवाज जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है। पत्रकारों के इसी दायित्व को मजबूती देने और उनके हितों की रक्षा के उद्देश्य से मीडिया महासंघ ने संगठन के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाया। रविवार को फतेहपुर क्षेत्र के पचघरा में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में पत्रकारों की एकजुटता, सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मोहम्मद अबरार को मीडिया महासंघ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए संगठन को जिला स्तर पर और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय संस्थापक योगेश जायसवाल ने की। उन्होंने संगठन की भूमिका और पत्रकारों के हितों से जुड़े विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए एक संगठित मंच की आवश्यकता है। संगठन जितना मजबूत होगा, पत्रकारों के हितों और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को उतनी ही प्रभावी ढंग से संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाया जा सकेगा।

संगठनात्मक विस्तार के क्रम में मोहम्मद अबरार को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

रिटायर्ड आईपीएस बोले- इंटेलिजेंस की चूक, बड़ी लापरवाही हुई, हर एंगल से जांच जरूरी

काशी विश्वनाथ के पास 105 क्विंटल विस्फोटक मिला

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी । वाराणसी में कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात गोला दीनानाथ इलाके में बड़ी छापेमारी की और 105 क्विंटल पटाखे का बारूद बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान जब्त किए। काशी विश्वनाथ धाम से महज एक किलोमीटर दूर पटाखा बनाने वाले बारूद और सामान के इतने बड़े भंडारण पर पुलिस की छापेमारी से हड़कंप मच गया।

इस मकान के आस-पास के लोग डरे हैं। पुलिस ने इस मामले में साल 1996 से लिप्त राजेश कुमार गुप्ता उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। वाराणसी में इतनी बड़ी बरामदगी को लेकर रिटायर्ड IPS अधिकारियों से बात की। उनसे जाना कि रिहायशी और घनी आबादी के क्षेत्र में बारूद बनाने के सामान की इतनी बड़ी खेप मिलना कितना बड़ा नुकसान है? क्या इसका इस्तेमाल टेरर एक्टिविटी में हो सकता है? इस पर वाराणसी के पूर्व आईजी रहे रिटायर्ड डीजी सीबीसीआईडी और 1987 बैच के IPS जीएल मीणा और उत्तर प्रदेश ATS और STF के संस्थापक श्रीप्रकाश शुक्ला जैसे दुर्दांत अपराधी के एनकाउंटर में उसे चार गोलियां मारने वाले 1986 बैच के रिटायर्ड IPS राजेश पांडेय से बात की। राजेश पांडेय ने बताया कि पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री में आग पकड़ने वाले रसायन होते हैं। इनका गलत इस्तेमाल किया जाए तो बड़ा नुकसान हो सकता है। ऐसी सामग्री को बड़ी मात्रा में खरीदने और जमा करने के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है।

> रिटायर्ड आईपीएस राजेश पांडेय ने कहा कि ये इंटेलिजेंस की चूक है। बड़ी लापरवाही हुई है। हर एंगल से जांच जरूरी है। अभी तक ऐसा कोई मॉड्यूल नहीं मिला। लेकिन इसका इस्तेमाल टेरर गतिविधियों में कोई भी जानकार कर सकता है। यह गंभीर विषय है।



पटाखे का बारूद खतरनाक, लेकिन आतंकी मॉड्यूल नहीं मिला

रिटायर्ड IPS राजेश पांडेय ने बताया- वाराणसी में दशाश्वमेध और संकटमोचन मंदिर के पास हुए धमाकों में इंडियन मुजाहिदीन का नाम सामने आया था। उन धमाकों में अमोनियम नाइट्रेट और दूसरी चीजों का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि NIA ने उत्तराखंड में भी एक मामले की जांच की थी। वहां चार युवकों पर माचिस की तीलियों में लगे बारूद को इकट्ठा कर धमाके की साजिश रचने का आरोप सामने आया था। हालांकि, पटाखों में इस्तेमाल होने वाले बारूद से आतंकी गतिविधियां चलाने वाला कोई मॉड्यूल अब तक सामने नहीं आया है।

खंभे उखाड़े, दीवारें-दुकानें तोड़ीं, 5 घंटे से 200 लोग काबू करने में जुटे

काशी में रामलीला से पहले हाथी बेकाबू, महावत को पटका

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। वाराणसी की मशहूर रामलीला में आजमगढ़ से आया हाथी अचानक बेकाबू हो गया। इधर-इधर भागने लगा। आसपास रखी चीजों को सूंड से उठाकर फेंकने लगा। बिजली के खंभे तोड़ दिए। दीवारें और दुकानें भी तोड़ दीं। यह देखकर आसपास मौजूद लोग जान बचाकर भागे।

महावत ने काबू में करने की कोशिश की तो हाथी ने उसे सूंड से उठाकर पटक दिया। दांतों और पैरों से भी कुचलने की कोशिश की। महावत को 50 टांके लगे हैं।

घटना पंचवटी मैदान में रविवार सुबह 10.30 बजे की है। महावत छापलू तीन हाथियों को खाना देने जा रहा था, तभी उनमें से एक हाथी भड़क गया। वह मैदान से निकलकर सड़क पर भागने लगा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने 2 किमी. के इलाके को सील कर दिया है। आने-जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग की है। ACP अनाउंस कर लोगों को इलाके से दूर रहने के लिए कह रहे हैं। वन विभाग और NDRF समेत 200 लोग हाथी को काबू करने में जुटे हुए हैं। रामनगर इलाके की बिजली काट दी गई है। पंचवटी मैदान में आज भगवान राम और रावण का युद्ध है। मैदान की जिला मुख्यालय से दूरी 17 किमी, जबकि काशी विश्वनाथ मंदिर से 10 किमी है। यहां रामलीला के लिए आए हाथियों को रखा जाता है। 200 साल पुरानी इस रामलीला में हिस्सा लेने वाले एक्टर्स और अन्य लोग भी यहीं रहते हैं। काशी नरेश डॉ. अनंत नारायण सिंह के बेटे इसी हाथी पर सवार होकर रामलीला देखते हैं।

आजमगढ़ निवासी छपालु पिछले 13 साल से काशी नरेश के हाथी की देखभाल कर रहे हैं।

> हाथी आजमगढ़ से रामनगर की रामलीला में शामिल होने आया था। आजमगढ़ निवासी शिल्पी सिंह इस हाथी के मालिक हैं। उन्होंने ही रामलीला में शामिल होने के लिए हाथी को भेजा था। हाथी ने जिस महावत छापलू को घायल किया, वह पिछले 13 साल से उसकी देखभाल कर रहा था।



5 घंटे से हाथी को काबू करने में जुटी वन विभाग की टीम, अब तक पकड़ में नहीं आया

करीब पांच घंटे से वन विभाग की टीम बेकाबू हाथी को काबू करने की कोशिश कर रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। हाथी बार-बार सड़क पर आ रहा है और फिर पास के बाग में जाकर पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहा है। उसे नियंत्रित करने के लिए टीम अलग-अलग तरीके अपना रही है, लेकिन हाथी अब भी काबू से बाहर है।

गंगा के ऊपर गरजेंगे 94 लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। वाराणसी में गंगा की लहरों के ऊपर लड़ाकू विमानों की गर्जना और हेलिकॉप्टरों के हैरतअं-गेज करतब देखने को मिलेंगे। भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो की तैयारियां तेज हो गई हैं।


22, 24 और 25 अक्टूबर को होने वाले इस आयोजन में 94 लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर अपनी ताकत, सटीकता और हवाई कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

रविवार को वायुसेना के अधिकारियों और कर्मचारियों की दर्जनों नीली गाड़ियां नमो घाट पहुंचीं। टीमों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को अंतिम रूप देने की रणनीति बनाई। एयर शो को लेकर सुरक्षा, तकनीकी व्यवस्था और विमानों के प्रदर्शन से जुड़ी तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, तीनों दिन विमानों का प्रदर्शन दो शिफ्ट में कराने की तैयारी है। पहले प्रत्येक दिन करीब डेढ़ घंटे के प्रदर्शन की जानकारी सामने आई थी। अब दो शिफ्ट में कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। इससे दर्शकों को अलग-अलग चरणों में हवाई करतब देखने का मौका मिलेगा। एयर शो के सफल आयोजन के लिए वायुसेना की अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ विमानों की उड़ान और प्रदर्शन से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है।

कार्रवाई : मोबाइल में मिले ऑडियो से खुला राज, ग्रेटर नोएडा में 5 अर्थियां एक साथ उठीं

परिवार के 5 लोगों की मौत 2 बहन-ननदोई गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी



नोएडा । ग्रेटर नोएडा में पति-पत्नी और 3 बच्चों की मौत के मामले में दो बहनों और एक बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को पति महेश के मोबाइल फोन की जांच करने पर एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिली है। इसमें महेश इस पूरी घटना का जिम्मेदार अपनी बड़ी बहन सुनीता, बहनोई शेखर और छोटी बहन सपना को बताया है। दूसरी ओर, शनिवार रात करीब 12 बजे महेश के साथ उसकी पत्नी और तीनों बच्चों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। भतीजे तुषार ने मुखाग्नि दी। 2023 में किशनलाल की मौत हो गई। इसके बाद महेश की मां चंद्रावती ने दिल्ली स्थित पुश्तैनी मकान भी बेटियों के नाम कर दिया था। इतना ही नहीं, नगला श्रीपदम गांव का 167 वर्गमीटर का मकान भी 18 अगस्त, 2025 को एक बेटी को बेच दिया। महेश परिवार के साथ इसी मकान में रहता था। जब यह बात महेश को पता चली, तो उसका मां से झगड़ा होने लगा। हालांकि, संपत्ति का वास्तविक बंटवारा कैसे हुआ, किस तरह सभी हिस्सों को मां ने बेच दिया या पिता ने मरने के पहले कोई वसीयत की थी, इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। मृतका ललिता के भाई आकाश की शिकायत पर रबूपुरा थाने में महेश की बहनों सुनीता (45), सपना (32) और बहनोई शेखर (50) के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।



नोएडा में 5 लोगों की मौत के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

माता-पिता ने सब कुछ बेटियों के नाम किया

नगला श्रीपदम गांव में महेश (37) पत्नी ललिता (35), बेटे लड्डू (11), साक्षत (3) और बेटी मिष्टी (7) के साथ रहता था। महेश के पिता किशनलाल रेलवे विभाग में काम करते थे। करीब 20 साल पहले वह पत्नी चंद्रावती के साथ दिल्ली के खेड़ाकला गांव से नगला पदम आकर रहने लगे थे। यहां किशनलाल ने चंद्रावती के नाम 2000 से 2005 के बीच करीब 10 बीघा जमीन खरीदी थी। 2009 में यमुना प्राधिकरण से इस जमीन के बदले करीब 1.25 करोड़ रुपए मुआवजा मिला। गांववालों का दावा है कि मुआवजे की रकम किशनलाल ने अपनी तीनों बेटियों में बांट दी थी।

> एक ही परिवार की 5 अर्थियां साथ उठने से गांव का हर शख्स दुखी दिखा। 400-500 लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान 5 थानों के 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौजूद रहे। मामला रबूपुरा थाना क्षेत्र का है।

गोरखपुर में पिता बोले- स्कूल का नाम सुनते ही चीखने लगता है बेटा

टीचर ने 3 साल के बच्चे को पीटा, नाखून गड़ाए

तमसा संकेत, एजेंसी



गोरखपुर । गोरखपुर के एक प्ले स्कूल में 3 साल के बच्चे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि 13 अक्टूबर को स्कूल की टीचर ने बच्चे को थप्पड़ मारा और उसके सिर को नाखूनों से नोचा।

परिजनों के मुताबिक, जुलाई में बच्चे का स्कूल में एडमिशन कराया था। इसके बाद से ही बच्चे को परेशान किया जा रहा था। अब बच्चा स्कूल जाने की बात सुनते ही रोने लगता है। उसके सिर पर नाखूनों से नोचने के निशान भी हैं।

शनिवार को बच्चे के पिता ने टीचर के खिलाफ थाने में शिकायत दी। परिजनों ने स्कूल का CCTV फुटेज भी देखा है। उनका आरोप है कि जब उन्होंने प्रिंसिपल से एक महीने का फुटेज मांगा, तो उन्हें धमकी दी गई। रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बातचीत की। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र का है। एचएन सिंह चौराहे के पास गोविंद नगरी में रहने वाले अतुल सिंह ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा शहर के एक स्कूल में कक्षा 3 में पढ़ता है, जबकि छोटे बेटे गौरांश की उम्र 3 साल है। उन्होंने जुलाई में छोटे बेटे का पास के एक प्ले स्कूल में एडमिशन कराया था। अतुल के मुताबिक, 13 अक्टूबर को स्कूल से वीडियो कॉल आया। इसमें उनका बेटा कांपते हुए रो रहा था। टीचर ने बताया कि बच्चा खाना नहीं खा रहा है। आरोप है कि इस दौरान उसके मुंह में जबरन रोटी ठूंस दी गई। इसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे और बच्चे को घर ले आए। मां सालवी सिंह ने बताया कि बेटा स्कूल का नाम सुनते ही चीखने लगता है। वह काफी डरा हुआ था। घर आने पर बच्चे ने बताया कि टीचर ने उसे पीटा है। उसके सिर पर नाखूनों से नोचने के निशान भी मिले। पिता अतुल ने बताया कि अगले दिन स्कूल जाकर उन्होंने CCTV फुटेज देखा। उनके मुताबिक, फुटेज में टीचर बच्चे को थप्पड़ मारती और उसके सिर को नाखूनों से नोचती दिखाई दीं।

एसडीआरएफ के पहुंचने में तीन घंटे लगने की जानकारी से बचाव व्यवस्था पर उठे सवाल

सरयू में समा गया 15 वर्षीय प्रवीण चार घंटे बाद मिला शव

घटना

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। सरयू नदी में स्नान करने गया 15 वर्षीय प्रवीण गहरे पानी में डूब गया। रविवार को हुए हादसे के बाद उसकी तलाश में करीब चार घंटे तक अभियान चलाया गया। इसके बाद किशोर का शव बरामद हुआ। घटना संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र स्थित बिड़हर घाट पुल के पास हुई। प्रवीण अंबेडकरनगर के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मंसूरगंज गांव की अनुसूचित बस्ती का निवासी था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद बचाव अभियान में लगी टीमों की तत्परता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, घटना के करीब तीन घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, सूचना मिलने का समय, टीम को रवाना किए जाने और घटनास्थल पर पहुंचने की आधिकारिक समय-रेखा सामने नहीं आई है। ऐसे में बचाव कार्य में देरी के कारणों की पुष्टि होना बाकी है। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घाट पर हादसे के समय सुरक्षा के क्या इंतजाम थे और बचाव दल को सूचना मिलने के बाद कार्रवाई में कितना समय लगा, इस संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है।

बिड़हर घाट पुल के पास स्नान के दौरान हादसा

घाट पर सुरक्षा इंतजाम की होगी समीक्षा?

इस घटना ने बिड़हर घाट पर सुरक्षा और आपातकालीन बचाव व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। नदी में स्नान के दौरान गहरे पानी का खतरा बना रहता है। ऐसे में घाटों पर चेतावनी संकेत, सुरक्षित स्नान क्षेत्र, प्रशिक्षित गोताखोर और जरूरी बचाव उपकरणों की उपलब्धता अहम है। भीड़ वाले दिनों में त्वरित सहायता की व्यवस्था भी जरूरी है।



स्नान करते समय गहरे पानी में चला गया किशोर

जानकारी के मुताबिक, प्रवीण रविवार को सरयू नदी में स्नान करने पहुंचा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद उसकी तलाश शुरू की गई। स्थानीय लोगों और बचाव दल ने नदी में खोजबीन की। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव मिला। किशोर की मौत की खबर से परिजनों में शोक छा गया।

शहजादपुर में सुरक्षा परखने सड़क पर उतरे डीएम-एसपी

श्रीराम चौक से शहजादपुर पुलिस चौकी तक पैदल मार्च

पूजा समितियों से संवाद कर शांतिपूर्ण आयोजन के दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। नवरात्र और दुर्गा पूजा के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने अकबरपुर के शहजादपुर क्षेत्र में पैदल मार्च किया। दोनों अधिकारियों ने श्रीराम चौक से शहजादपुर पुलिस चौकी तक पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण कर आयोजकों से भी बातचीत की।

पैदल मार्च में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट



एवं उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह समेत संबंधित अधिकारी और पुलिस बल शामिल रहे। अधिकारियों ने मार्ग में पड़ने वाले दुर्गा प्रतिमा पंडालों की व्यवस्थाएं देखीं। पूजा समितियों के पदाधिकारियों से संवाद कर पर्व के आयोजन और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली।

डीएम और एसपी ने पूजा समितियों के पदाधिकारियों को पर्व के दौरान शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजकों से प्रशासन और पुलिस का सहयोग करने की अपील की, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

पैदल मार्च के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रशासन और पुलिस की ओर से नवरात्र के दौरान लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही है।

फास्ट न्यूज

छात्राओं, समूह सखी और ग्राम प्रधान को मिला सम्मान

अंबेडकरनगर। मिशन शक्ति अभियान-6.0 के तहत रविवार को आलापुर थाने के मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की छात्राओं, समूह सखी और ग्राम प्रधान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पहल के जरिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

दो श्रद्धांजलि कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक त्रिभुवन दत्त

अंबेडकरनगर। आलापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन दत्त शनिवार को रामनगर विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने अमड़ी गांव में रवींद्र कुमार गौतम की माता और हिसामुद्दीनपुर पिपरा गांव में हरीलाल यादव की माता के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचकर परिवार के लोगों से मुलाकात की। त्रिभुवन दत्त समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व सांसद भी हैं। वह पहले अमड़ी गांव पहुंचे, जहां रवींद्र कुमार गौतम की माता के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए।

रामलीला में शूर्पणखा नाककटैया और सीता हरण का मंचन

अंबेडकरनगर। जलालपुर के रामलीला मैदान में श्री रामलीला सेवा समिति की ओर से आयोजित रामलीला में शनिवार रात रामायण के कई प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने भरत मिलाप, पंचवटी, शूर्पणखा नाककटैया, सीता हरण और जटायु उद्धार के दृश्यों को मंच पर प्रस्तुत किया। पंचवटी प्रसंग में शूर्पणखा और लक्ष्मण के बीच संवाद तथा नाक-कान काटे जाने के दृश्य को दर्शकों ने सराहा।

डायल 112 के आरक्षी के सिर पर सरिया से किया वार, तीन आरोपी गिरफ्तार

अकबरपुर पुलिस ने पटेल तिराहे से पकड़े तीनों नामजद आरोपी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। डायल 112 में तैनात आरक्षी पर लोहे की सरिया से जानलेवा हमला करने के मामले में अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने आरक्षी विक्रांत राजभर के सिर पर सरिया से प्रहार किया था। चोट लगने से आरक्षी बेहोश हो गए थे। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल लोहे की सरिया भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, आरक्षी विक्रांत राजभर वर्तमान में अंबेडकरनगर जिले में डायल 112 में तैनात हैं। उन पर हमला किए जाने के मामले में तहरीर मिलने के बाद अकबरपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों पर जानलेवा हमला करने और सामूहिक रूप से अपराध करने से संबंधित आरोप हैं। रविवार, 18 अक्टूबर को प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में अकबरपुर कोतवाली पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस टीम पटेल तिराहे पर मौजूद थी। पुलिस को मुखबिर से मामले में नामजद आरोपियों के संबंध में सूचना मिली। इसके आधार पर टीम ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ और उनकी निशानदेही के आधार पर घटना में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी की। पुलिस के मुताबिक, आयुष पांडेय के कब्जे से लोहे की सरिया मिली है।

जलालपुर बाईपास को रफ्तार 43.74 करोड़ के प्रस्ताव पर चर्चा

5.80 किलोमीटर लंबी सड़क से नगर को जाम से राहत मिलने की उम्मीद

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जलालपुर नगर को जाम की समस्या से राहत दिलाने की दिशा में बाईपास निर्माण की उम्मीद बढ़ी है। 43.74 करोड़ रुपये की लागत से 5.80 किलोमीटर लंबा बाईपास बनाने के प्रस्ताव पर 16 अक्तूबर को हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में चर्चा हुई। अब परियोजना को मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने का इंतजार है। स्वीकृति और बजट जारी होने के बाद निर्माण की अगली प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

जलालपुर के मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ने से अक्सर जाम की स्थिति बनती है। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही नगर से गुजरने वाले राहगीरों को भी परेशानी होती है। खासकर भारी वाहनों की आवाजाही से मुख्य मार्गों पर



यातायात प्रभावित होता है। बाईपास बनने से भारी वाहनों को नगर के भीतर से गुजरने की जरूरत कम होगी। इससे मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव घटने और यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है।


पूर्व सांसद रितेश पांडेय इस बाईपास परियोजना का मुद्दा सदन से लेकर शासन स्तर तक उठाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना को लेकर शासन स्तर पर बैठक हो चुकी है। जल्द ही इसके लिए बजट जारी होने की उम्मीद है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अश्वनी पांडेय के अनुसार, जिले से भेजे गए बाईपास निर्माण के प्रस्ताव पर प्रक्रिया चल रही है। परियोजना को मंजूरी मिलने और बजट उपलब्ध होने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। फिलहाल नगरवासियों को बाईपास निर्माण की औपचारिक स्वीकृति का इंतजार है।

खड़ंजा उखाड़कर रास्ता बंद करने का आरोप, तहसील दिवस में पहुंचा मामला

कम्हरिया के दो शिकायतकर्ताओं ने लगाया दबंगई का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में रास्ता बंद करने और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत की गई। कम्हरिया निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह और शैलेश सिंह ने जिलाधिकारी ईशा प्रिया व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उनके घर के पूर्व दिशा में जाने वाले रास्ते पर करीब 200 मीटर लंबा खड़ंजा लगा था। विपक्षी सुरेश सिंह, अरविंद सिंह और आदित्य सिंह ने खड़ंजा उखाड़ दिया। इसके बाद रास्ते पर आम का पेड़ और गमले रखकर आवागमन बाधित करने का प्रयास किया गया। पीड़ितों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कम्हरिया पुलिस चौकी के कुछ पुलिसकर्मियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र की इस चौकी के पुलिसकर्मी शाम सात बजे के बाद सुरेश सिंह और अरविंद सिंह के घर बैठते हैं तथा उनके प्रभाव में काम करते हैं। शिकायतकर्ताओं ने विपक्षियों पर आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप भी लगाया है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। शिकायत सुनने के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

डीएम ईशा प्रिया ने किया शुभारंभ, चाय-नाश्ते के साथ मिलेगा घर जैसा भोजन

कलेक्ट्रेट में खुली मॉडल प्रेरणा कैंटीन समूह की महिलाएं संभालेंगी कमान

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। कलेक्ट्रेट आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों को अब परिसर में ही चाय-नाश्ता और भोजन मिल सकेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में मॉडल प्रेरणा कैंटीन शुरू की गई है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया की मौजूदगी में बालाजी प्रेरणा कैंटीन की अध्यक्ष सुमन सिंह ने इसका शुभारंभ किया। कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी।

इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाना है। कैंटीन में चार से पांच महिलाएं मिलकर काम करेंगी। वे अपने कौशल और मेहनत से नियमित आय अर्जित कर सकेंगी। इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा।

मॉडल प्रेरणा कैंटीन में चाय, समोसा, ब्रेड पकौड़ा, पराठा और कॉफी के साथ नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार खाद्य सामग्री परोसी जाएगी। इससे कलेक्ट्रेट में सरकारी काम से आने वाले लोगों को परिसर में ही खाने-पीने की सुविधा मिलेगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मॉडल प्रेरणा कैंटीन भी इसी पहल का हिस्सा है। इसके जरिए महिलाओं को स्थानीय स्तर पर काम करने और आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा। शुभारंभ के अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिला मिशन प्रबंधक (आजीविका) आशीष प्रताप सिंह सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

चार से पांच महिलाएं मिलकर करेंगी संचालन

विकास भवन और अस्पताल के बाद कलेक्ट्रेट में शुरुआत

जनपद में इससे पहले विकास भवन, जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में भी प्रेरणा कैंटीन शुरू की जा चुकी हैं। कलेक्ट्रेट में नई कैंटीन खुलने से इस व्यवस्था का विस्तार हुआ है।

डीएम ईशा प्रिया ने कहा कि मॉडल प्रेरणा कैंटीन से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण नाश्ता व घर जैसा भोजन उपलब्ध हो सकेगा।

मां-बाप की खिदमत और एहतराम हर इंसान की जिम्मेदारी : मौलाना मीसम जैदी

मरहूम सैयद हादी हसन और उनकी अहलिया के इसाले सवाब के लिए मजलिस आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के रसूलपुर बाकरगंज गांव में रविवार को मरहूम सैयद हादी हसन और उनकी अहलिया के इसाले सवाब के लिए मजलिस आयोजित की गई। लखनऊ से आए मौलाना सैयद मीसम जैदी ने वालदैन यानी माता-पिता के हुकूक पर रोशनी डालते हुए कहा कि मां-बाप का दर्जा बहुत बुलंद है। उनकी खिदमत करना, उनका एहतराम करना और उनके अधिकारों को पूरा करना हर इंसान की जिम्मेदारी है।

मजलिस की शुरुआत तिलावते कलामे पाक से हुई। इससे पहले मेहंदी जलालपुरी, फसाहत जौनपुरी, जुहैर अकबरपुरी और महमूद जौनपुरी ने पेशख्वानी की। शबीहुल हसन रिजवी ने शोजख्वानी पेश की।

अपने खिताब में मौलाना मीसम जैदी ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद और उनकी बेटी जनाबे फातिमा जहरा की अजमत का जिक्र किया। उन्होंने नुजूले आयते ततहीर के बारे में विस्तार से बताया। मौलाना ने कहा कि माता-पिता की इज्जत और सेवा करना नैतिक और धार्मिक दायित्व है। उनके साथ अच्छा व्यवहार करना और उनकी जरूरतों का ख्याल रखना जरूरी है। मौलाना ने शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी तालीम दिलाना परिवार की अहम जिम्मेदारी है। शिक्षा से बच्चों का भविष्य बेहतर बनता है और वे जीवन में अपनी जिम्मेदारियां अच्छी तरह निभा पाते हैं। उन्होंने लोगों से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की।

मजलिस के अंतिम दौर में मौलाना ने कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों का जिक्र किया। इस दौरान माहौल गमगीन हो गया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना असगर मेहदी आजमी ने किया।

इस मौके पर सैयद मोहम्मद नासिर, उपनिरीक्षक सैयद मोहम्मद आरिफ, सैयद मोहम्मद ताहिर, अधिवक्ता अब्बास रजा जावेद, मास्टर जीशान हैदर, तनवीर हुसैन, अली जाफर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

टूटी नाली से मानस नगर में जलनिकासी ठप

मकान की नींव तक पहुंच रहा पानी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर पालिका परिषद की ओर से नाली निर्माण के बाद मरम्मत नहीं होने से शहजादपुर-मालीपुर रोड स्थित मानस नगर कॉलोनी में जलनिकासी की समस्या बनी हुई है। नाली कई जगह टूट गई है। इससे मोहल्ले से निकलने वाला पानी आगे नहीं जा पा रहा और खाली प्लाट में जमा हो रहा है। स्थानीय निवासी रीता देवी ने नाली की मरम्मत कराकर जलनिकासी बहाल कराने की मांग की है। रीता देवी, पत्नी अनिल चतुर्वेदी, ने बताया कि उनके मकान के पास नगर पालिका की ओर से नाली बनवाई गई थी। आगे जाकर नाली अवरुद्ध हो गई है। कई स्थानों पर नाली टूटने से पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। मोहल्ले का पानी उनके मकान के पीछे स्थित खाली प्लाट में जमा हो रहा है। उनका कहना है कि जमा पानी मकान की नींव तक पहुंच रहा है, जिससे दीवारों में सीलन की समस्या पैदा हो रही है। इससे मकान को नुकसान पहुंचने की आशंका है। रीता देवी ने अकबरपुर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से नाली की मरम्मत कराने और पानी की निकासी सुचारु करने की मांग की है।

सुधार : सेवा संकल्प अभियान के तहत अष्टमी पर पशुपालन विभाग ने किया वितरण

26 परिवारों को मिले 76 गोवंश

- कुपोषित बच्चों वाले छह परिवार भी शामिल
- भरण-पोषण के लिए प्रति गोवंश हर महीने मिलेंगे 1,500 रुपये

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के 26 परिवारों को 76 गोवंश सुपुर्द किए गए। पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत यह वितरण किया। इनमें कुपोषित बच्चों वाले छह परिवार भी शामिल हैं, जिन्हें 10 गोवंश दिए गए। योजना का उद्देश्य गोवंश संरक्षण के साथ परिवारों को आजीविका का अवसर उपलब्ध कराना और बच्चों के पोषण में सुधार करना है। विभाग के अनुसार, विकासखंड टांडा के भड़सारी और डांडी, जहांगीरगंज के तेंदुआई खुर्द तथा रामनगर के अखलासपुर स्थित गो-आश्रय स्थलों से गोवंश दिए गए। सामान्य श्रेणी के 20 परिवारों को 66 गोवंश सुपुर्द किए गए। वहीं, पोषण मिशन के तहत कुपोषित बच्चों वाले छह परिवारों को 10 गोवंश मिले। पोषण मिशन के तहत गोवंश पाने वाले परिवारों को उनसे मिलने वाला दूध बच्चों के आहार में शामिल करने का अवसर मिलेगा। इससे कुपोषित बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार में मदद मिल सकती है। वहीं, गोवंश से परिवारों को आजीविका का अतिरिक्त साधन भी मिल सकता है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इच्छुक लोग विभागीय नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को पालन-पोषण के लिए प्राप्त कर सकते हैं। योजना के माध्यम से गोवंश संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।

एक गोवंश पर हर महीने 1,500 रुपये की सहायता

योजना के तहत गोवंश के भरण-पोषण के लिए लाभार्थियों को प्रति गोवंश 1,500 रुपये प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से दिए जाते हैं। एक परिवार अधिकतम चार गोवंश ले सकता है। इस आधार पर चार गोवंश के भरण-पोषण के लिए हर महीने अधिकतम 6,000 रुपये की सहायता मिल सकती है।

वेतन भुगतान के आश्वासन पर टला सहकारी समिति कर्मचारियों का धरना



तमसा संकेत, संवाददाता

- सीडीओ से वार्ता के बाद बनी सहमति, 22 अक्टूबर को लखनऊ के इको गार्डन में प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे कर्मचारी

अंबेडकरनगर। साधन सहकारी समितियों के कर्मचारियों के लंबित वेतन का मामला उठने के बाद प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन टल गया है। शुक्रवार शाम मुख्य विकास अधिकारी वैभव मिश्रा से वार्ता के बाद साधन समिति सचिव परिषद की जिला इकाई ने 22 अक्टूबर को लखनऊ के इको गार्डन में होने वाले प्रदर्शन में शामिल नहीं होने का आश्वासन दिया। परिषद के अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार शुक्ला समेत तीन पदाधिकारियों ने सीडीओ से मुलाकात कर कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याएं रखीं। सीडीओ ने समस्याओं को सुनने के बाद उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता अंबेडकरनगर को दिया।

कर्मचारियों की समस्याओं से उत्तर प्रदेश के आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता को भी अवगत कराया गया। अधिकारियों की ओर से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिषद ने प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में भाग नहीं लेने की बात कही।

सम्पादकीय

ट्रंप की मजबूरी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मनमाने फैसले लेने और उन पर टिके न रहने की आदत किस तरह कायम है, इसका नया उदाहरण है उनकी यह घोषणा कि अब वे रूस से तेल खरीदने वाले भारत समेत पांच देशों पर सौ प्रतिशत टैरिफ वाले कानून पर अमल नहीं करेंगे। निःसंदेह यह घोषणा भारत को राहत देने वाली है, लेकिन इसी के साथ वह ट्रंप के अस्थिर स्वभाव के साथ उनकी मजबूरी को भी रेखांकित करने वाली है।

उनका सौ प्रतिशत टैरिफ वाला कानून मनमाना ही नहीं, वैश्विक ऊर्जा हितों को नुकसान पहुंचाने वाला भी था। वे इस कानून को लागू करने से इसलिए पीछे हटने को बाध्य हुए कि अमेरिका ने खुद रूस से डीजल खरीदने का निर्णय ले लिया। इसके बाद यदि वे इस कानून पर अमल करते तो जगहंसाई के पात्र बनते और उनके दोहरे मानदंडों की पोल खुलती।

यही नहीं, यदि वे इस कानून को लागू कर देते तो भारत से व्यापार समझौते की संभावना न्यून कर लेते, क्योंकि भारत ने साफ कर दिया था कि वह अमेरिकी मनमानी सहन करने को तैयार नहीं। ट्रंप के ऐसे फैसलों की एक लंबी सूची है, जिनसे वे पीछे हटने के लिए मजबूर हुए। अपने ऐसे फैसलों से वे अमेरिका के साथ अपनी भी विश्वसनीयता खोते जा रहे हैं।

उनकी बातों का कोई भरोसा नहीं रह गया है। वे ऐसे फैसलों के लिए भी कुख्यात हो रहे हैं, जिनके तात्कालिक असर से या तो उनके स्वजन या फिर उनके करीबियों के आर्थिक हित पूरे होते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि उनके कई फैसले दुनिया भर के शेयर बाजारों पर असर डालते हैं। इसका लाभ ट्रंप स्वयं अथवा उनके करीबी उठाते हैं।

ट्रंप मूलतः एक कारोबारी हैं और यह केवल विश्व समुदाय की धारणा नहीं कि वे निजी वित्तीय हितों के लिए अपने पद का अनुचित इस्तेमाल कर रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी नागरिक भी यह मान रहे हैं कि ट्रंप अमेरिका से ज्यादा खुद के वित्तीय हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इनमें उनकी पार्टी रिपब्लिकन के भी समर्थक हैं।

तथ्य यह भी है कि उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने पर अपने परिवार के कारोबारी सौदों पर लगी पाबंदियां हटाईं और बेटे के स्वामित्व वाली कंपनी के जरिये क्रिप्टो कारोबार शुरू किया। इस क्रिप्टो कारोबार के साथ उनके रियल एस्टेट व्यवसाय में दूसरे देशों के बड़े उद्यमी भागीदार बने हैं। ट्रंप परिवार या उनके करीबियों की कंपनियों के कुछ सौदों में तो दूसरे देशों की सरकारें भी इस लोभ में भागीदार बनीं कि ट्रंप उनके प्रति उदार रहेंगे। इसका एक उदाहरण पाकिस्तान है, जिसने आनन-फानन क्रिप्टो कारोबार वाली संस्था खड़ी कर ट्रंप परिवार की कंपनी से हाथ मिलाया। बदले में ट्रंप पाकिस्तान की तारीफ करने में जुट गए।

सामाजिक सुरक्षा का कवच और समावेशी विकास का उजाला

> 66
> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जनधन खातों, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, आधार आधारित पहचान और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के माध्यम से सरकारी सहायता को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए एक व्यापक व्यवस्था विकसित की है।



किसी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक मूल्यांकन केवल उसकी आर्थिक विकास दर, विशाल औद्योगिक परियोजनाओं, आधुनिक तकनीक, विदेशी निवेश और ऊंची प्रति व्यक्ति आय से नहीं किया जा सकता। विकास की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा मिले, श्रमिक को अपने भविष्य के प्रति विश्वास हो, वृद्धावस्था अभाव का पर्याय न बने और बीमारी किसी परिवार को आर्थिक संकट के गर्त में न धकेल दे। सामाजिक सुरक्षा इसी मानवीय विकास का आधार है। यह केवल सरकारी सहायता की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों के सम्मान, आत्मविश्वास, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक न्याय का ऐसा आधारस्तंभ है, जिस पर एक सशक्त एवं समावेशी राष्ट्र का निर्माण होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाओं के विस्तार के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा को व्यापक बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। इन पहलों ने करोड़ों लोगों को विभिन्न प्रकार की आर्थिक, स्वास्थ्य, खाद्य और सामाजिक सहायता से जोड़ने में भूमिका निभाई है। हालांकि, बदलती आर्थिक परिस्थितियों और विशाल श्रमबल की आवश्यकताओं को देखते हुए अभी इस दिशा में बहुत कुछ किया जाना शेष है।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सामाजिक सुरक्षा का दायरा वर्ष 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 64.3 प्रतिशत यानी 94 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गया है। यह विस्तार बताता है कि सामाजिक संरक्षण अब देश की विकास संबंधी प्राथमिकताओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। लेकिन सामाजिक सुरक्षा की सफलता का आकलन केवल लाभार्थियों की संख्या से नहीं होना चाहिए। वास्तविक प्रश्न यह है कि कितने लोगों को आवश्यकता के समय पर्याप्त सहायता मिलती है, कितने परिवार बीमारी और बेरोजगारी के संकट से उबर पाते हैं तथा कितने श्रमिक बुढ़ापे में सम्मानपूर्वक जीवन जीने की स्थिति में हैं। योजनाओं की व्यापकता के साथ उनकी पर्याप्तता, गुणवत्ता और निरंतरता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में सामाजिक सुरक्षा का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यहां श्रमबल का बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र से जुड़ा है। उपलब्ध श्रम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, देश के कुल श्रमबल में लगभग 87 प्रतिशत हिस्सेदारी असंगठित क्षेत्र की है। खेतों में काम करने वाले किसान-मजदूर, निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी वाले, छोटे दुकानदार, दैनिक वेतनभोगी और विभिन्न सेवाओं से जुड़े कामगार देश की अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। लेकिन इनमें से बड़ी संख्या के पास नियमित वेतन, भविष्य निधि, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना सुरक्षा जैसी सुविधाएं नहीं हैं। रोजगार मिलने और छिनने के बीच उनका जीवन अक्सर अनिश्चितता से घिरा रहता है। ऐसे में सामाजिक सुरक्षा को केवल संगठित क्षेत्र तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। इसकी पहुंच उन हाथों तक भी सुनिश्चित करनी होगी, जो देश की उत्पादन व्यवस्था और सेवा अर्थव्यवस्था को अपने श्रम से संचालित करते हैं। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने बैंकिंग सुविधाओं से वंचित लोगों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में योगदान दिया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने अनेक योजनाओं में बिचौलियों की भूमिका कम करने और सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के खातों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इन व्यवस्थाओं ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन को अधिक पारदर्शी बनाने की संभावनाएं मजबूत की हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा सामाजिक संरक्षण का सबसे संवेदनशील पक्ष है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने पात्र परिवारों को अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना योजना के माध्यम से स्वास्थ्य कवरेज के दायरे में लाने की पहल ने वृद्धावस्था में चिकित्सा संबंधी चिंताओं को कम करने का प्रयास किया है। फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य पर व्यय बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और दवाओं तथा जांच की लागत कम करने की आवश्यकता बनी हुई है। गंभीर बीमारी के कारण किसी परिवार की वर्षों की बचत समाप्त हो जाना या उसे कर्ज लेने के लिए विवश होना सामाजिक सुरक्षा की अपूर्णता को उजागर करता है। स्वास्थ्य सुविधाएं तभी प्रभावी सुरक्षा कवच बनेंगी, जब उपचार की उपलब्धता के साथ उसकी वहनीयता भी सुनिश्चित होगी।

आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी पहलें अलग-अलग वर्गों की आवश्यकताओं को संबोधित करती हैं। पीएम-किसान के माध्यम से पात्र किसान परिवारों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिलती है। अटल पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था में नियमित आय की व्यवस्था से जोड़ने का प्रयास करती है। जीवन ज्योति बीमा और सुरक्षा बीमा योजनाएं क्रमशः जीवन बीमा तथा दुर्घटना बीमा के माध्यम से परिवारों को संभावित आर्थिक संकट से बचाने में सहायक हैं। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, जिसे पीएम-पोषण के नाम से जाना जाता है, विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के माध्यम से पोषण और शिक्षा से जुड़े सामाजिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाती है। श्रमिकों की दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का दायरा बढ़ाने संबंधी कदम भी महत्वपूर्ण हैं। उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार, 17 सितंबर 2026 से अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के लिए मासिक वेतन सीमा 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये किए जाने का प्रावधान है। यदि इसका क्रियान्वयन निर्धारित स्वरूप में होता है, तो लगभग 51 लाख अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य भविष्य निधि व्यवस्था के दायरे में आ सकते हैं। यह बदलाव उन कर्मचारियों के लिए विशेष महत्व रखता है, जिनका वेतन बढ़ने के कारण वे पुरानी सीमा के बाहर रह जाते थे। भविष्य निधि में नियमित अंशदान से सेवानिवृत्ति के लिए बचत का आधार तैयार होता है, जबकि लागू प्रावधानों के अनुसार पेंशन और बीमा संबंधी सुविधाएं भी परिवार को आर्थिक सहारा प्रदान कर सकती हैं।

ललित गर्ग

नवरात्र की इस...

नागेन्द्र सिंह

माँ की साधना का पूर्णत्व और चेतना का जागरण: महानवमी का अमर पर्व

शारदीय नवरात्र का यह अंतिम और परम पावन चरण—महानवमी—भारतीय सनातन चेतना का वह सर्वोच्च और विराट शिखर है, जहां आकर नौ दिनों की कठोर तपस्या, व्रत, नियम, संयम और अनवरत आराधना अपनी पूर्णता को प्राप्त करती है। आज जब घर-घर में हवन की पवित्र अग्नि प्रज्वलित हो रही है, मंत्रोच्चार गूंज रहे हैं और कन्या पूजन के साथ माँ के चरणों में श्रद्धा से शीश झुकाया जा रहा है, तब संपूर्ण वातावरण एक अलौकिक, दिव्य और सकारात्मक ऊर्जा से पूरी तरह सराबोर हो जाता है। यह वह महान और निर्णायक क्षण होता है जब मनुष्य अपनी तमाम सीमाओं, कमजोरियों और विकारों को पीछे छोड़कर माँ की असीम अनुकंपा से एक नई, निर्मल और सात्विक दृष्टि प्राप्त करता है। महानवमी का यह पर्व केवल पंचांग की किसी तिथि का समापन मात्र नहीं है, बल्कि यह एक साधक के भीतर छिपी अनंत और अदम्य शक्तियों के प्रकटीकरण का अमर उत्सव है।

माता रानी का यह पावन स्वरूप और महानवमी का यह विशेष दिन हमें सबसे पहले यह शाश्वत सत्य सिखाता है कि जीवन में बिना साधना, अनुशासन और संयम के कुछ भी श्रेष्ठ प्राप्त नहीं किया जा सकता। नौ दिनों तक अन्न-जल के नियमों का पालन करते हुए या अपने मन और इंद्रियों के विकारों पर कठोर नियंत्रण रखकर जब एक भक्त पूरी निष्ठा से माता की आराधना करता है, तो वह असल में अपने भीतर के अज्ञान, अंधकार और भटकाव को सीधी चुनौती दे रहा होता है। आज के इस आधुनिक, तेज रफ्तार और भौतिकतावादी दौर में, जहां मनुष्य की इच्छाएं असीम और भटकाव बहुत ज्यादा हो गए हैं, यह पर्व हमें एक पल के लिए रुककर अपने भीतर झांकने का दुर्लभ अवसर देता है। माँ की आराधना का मूल मर्म यही है कि हम अपने भीतर बैठे अहंकार, ईर्ष्या, स्वार्थ, संकीर्णता और तमाम दुर्बलताओं का दहन पूरी तरह से हवन की इस पावन अग्नि में कर दें। जब तक व्यक्ति अपने भीतर के इन विकारों और आंतरिक शत्रुओं को नहीं जलाता, तब तक उसके जीवन में उच्च विचारों, नैतिकता और पवित्रता का वास्तविक उदय नहीं हो सकता।

नवरात्र की इस अंतिम बेला में भगवती के नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की महिमा का स्मरण करना हमारे जीवन को पूर्णता प्रदान करता है। माँ सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिद्धियों, योग्यताओं और आंतरिक ऊर्जा को देने वाली हैं। जब एक साधक नौ दिनों तक अपने मन को एकाग्र कर माँ के चरणों में समर्पित कर देता है, तब वह भौतिक सीमाओं से ऊपर उठकर उस दिव्य चेतना से जुड़ जाता है जो ब्रह्मांड का संचालन करती है। यह इस बात का प्रतीक है कि मनुष्य का जीवन केवल खाने, कमाने और उपभोग करने के लिए नहीं है, बल्कि यह उच्च आदर्शों, लोककल्याण और आत्मिक उन्नति के लिए मिला हुआ एक दुर्लभ अवसर है। जब तक जीवन में साधना का यह अनुशासन नहीं होगा, तब तक हम अपनी वास्तविक योग्यताओं को नहीं पहचान सकेंगे। इस पावन पर्व का दूसरा और सबसे व्यापक प्रभाव मातृ शक्ति के प्रति हमारी अटूट निष्ठा और समाज के प्रति हमारे उत्तरदायित्व से जुड़ा हुआ है। महानवमी के दिन जब हम नौ कन्याओं के चरण धोते हैं, उन्हें भोजन कराते हैं और उन्हें साक्षात माँ दुर्गा का रूप मानकर पूजते हैं, तो यह केवल एक बाहरी कर्मकांड या औपचारिकता नहीं होती, बल्कि यह इस समाज को दिया जाने वाला एक बहुत बड़ा वैचारिक और सांस्कृतिक संदेश होता है। हमारी महान संस्कृति ने हमेशा से स्त्री को सृजन, शक्ति, सहिष्णुता और समाज की धुरी माना



है। यह पर्व हमें भीतर से झकझोर कर यह अहसास कराता है कि हम अपने आस-पास की हर बालिका और महिला के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और उत्थान के प्रति कितने गंभीर और सजग हैं। यदि हम इस पवित्र दिन कन्याओं को देवी मानकर पूजते हैं, तो हमारा यह सबसे बड़ा नैतिक कर्तव्य बन जाता है कि हम वर्ष के बाकी दिनों में भी उनके अधिकारों, उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा की रक्षा पूरी दृढ़ता और ईमानदारी से करें। यही माता रानी की सच्ची पूजा और उनकी वास्तविक आराधना है।वर्तमान समय में जब समाज और परिवार के बीच संवाद की डोर कमजोर पड़ रही है, और युवा पीढ़ी उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ में अपनी दिशा भटक रही है, तब यह महानवमी का पर्व हमारे भीतर एक नई उमंग, उल्लास और नवचेतना का संचार करता है। यह हमें यह सिखाता है कि जीवन चाहे कितना भी कठिन, संघर्षपूर्ण और चुनौतियों से भरा क्यों न हो, यदि माँ का आशीर्वाद, हमारी अपनी संस्कृति की जड़ें और हमारे भीतर का आत्मबल हमारे साथ है, तो हम बड़े से बड़े अंधकार और संकट को प्रकाश में बदल सकते हैं। यह दिन हमें निराशा और हताशा के गर्त से बाहर निकालकर आशा, पुरुषार्थ और कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की अदम्य प्रेरणा देता है।

सबसे गम्भीर...

डॉ0 मत्स्येन्द्र प्रभाकर

एआई की शक्ति जोखिम और भारत

बनावटी बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशल इण्टेलिजेंस (एआई) अब भविष्य की तकनीक नहीं है। वह आज की वास्तविकता है। वह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग, सरकारी सेवाओं और मीडिया में तेजी से घुस रहा है मगर जिस तेजी से उसकी शक्ति बढ़ रही है, उसी तेजी से उसके खतरे भी बढ़ रहे हैं। बिल गेट्स की चेतावनी और ऑस्ट्रेलिया की घटना ने इस सच को दुनिया के सामने रख दिया है।

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एनबीसी न्यूज के कार्यक्रम 'मीट द प्रेस' में कहा कि एआई इतना शक्तिशाली है कि उसके गलत इस्तेमाल से एक अरब लोगों की मौत हो सकती है। यह बयान आतंक फैलाने के लिए नहीं कहा गया। यह एक सम्भावित जोखिम की चेतावनी है।

गेट्स का तर्क स्पष्ट है। बुरे इरादे रखने वाले लोगों और शक्तिशाली एआई उपकरणों का मेल अत्यन्त खतरनाक हो सकता है। एआई से साइबर हमले हो सकते हैं। जैविक या रासायनिक खतरों की जानकारी दी जा सकती है। धोखाधड़ी, दुष्प्रचार और सामाजिक अराजकता को बढ़ाया जा सकता है।

गेट्स ने यह भी कहा कि एआई कम्पनियों का अपने लिए नियम बनाना पर्याप्त नहीं है। उनके अनुसार सरकारों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और राजनीतिक नेतृत्व को भी इसमें सक्रिय होना चाहिए। एआई के लिए सुरक्षा मानक, निगरानी और स्पष्ट कानूनी सीमाएँ जरूरी हैं।

गेट्स की चेतावनी के कुछ दिन बाद ऑस्ट्रेलिया से एक चौंकाने वाली खबर आयी। ओपनएआई के एक एआई एजेण्ट ने ऑस्ट्रेलिया के मेडिकेयर से जुड़े स्वास्थ्य-आँकड़ों के पोर्टल में अनधिकृत पहुँच बना ली। एजेण्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य-खर्च और दवा सब्सिडी की जानकारी खोज रहा था।

अधिकारियों ने कहा कि मरीजों के निजी रिकॉर्ड, बैंकिंग विवरण या व्यक्तिगत दावों तक पहुँच का कोई प्रमाण नहीं मिला। फिर भी यह घटना छोटी नहीं है।

सबसे गम्भीर सवाल यह है कि एआई एजेण्ट को रोकने वाले संकेत मिलने के बाद भी वह वैकल्पिक रास्ते खोजता रहा। इससे साबित होता है कि स्वायत्त एआई निर्देशों की सीमा पार कर सकता है। वह अप्रत्याशित ढंग से काम कर सकता है।

ऑस्ट्रेलिया अब जाँच कर रहा है कि क्या इस घटना में कानून का उल्लङ्घन हुआ। यह भी देखा जाएगा कि कम्पनी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का आधार बनता है या नहीं। साथ ही यह भी जाँचा जाएगा कि सुरक्षा एजेंसियों को समय रहते पता क्यों नहीं चला। ओपनएआई ने सरकार को सूचना देने में भी देर की। यह देरी जवाबदेही का बड़ा सवाल खड़ी करती है।

क्या एआई दुनिया खत्म कर देगा? इसका सीधा उत्तर है—अभी नहीं। एआई स्वयं न तो अच्छा है और न बुरा। वह एक शक्तिशाली उपकरण है। उसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि उसे कौन, किस उद्देश्य से और कितनी निगरानी के साथ इस्तेमाल कर रहा है।

विचारों को आकार देता लेखक गाँव

विचार सागर में उठती लहरों की तरह हैं। ये जितनी गति से आते हैं उतनी ही गति से चले भी जाते हैं। ये विचार ही सृजन अथवा रचनात्मकता के मूल हैं। जैसे ही ये विचार आते हैं यदि उस समय उन्हें समुचित वातावरण मिल जाए तो वे सांचे में ढले हुए बर्तन के आकार की तरह किसी उत्कृष्ट रचना का रूप ले लेते हैं। ध्यान रहे विचारवान व्यक्ति ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु चिंता और चिंतन करता है। सकारात्मक और उत्कृष्ट विचारों से संपन्न कोई रचना, पाठ, कविता अथवा कहानी किसी व्यक्ति का जीवन बदलने की क्षमता रखते हैं। आज जब हम भारतीय ज्ञान परंपरा के आदि ग्रंथ वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, रामचरित-मानस आदि की चर्चा करते हैं तो उस चर्चा का मूल इन रचनाओं में विद्यमान विचार ही हैं। लेखक सृजनशील होता है। वह निर्माण करता है। वह अतीत, वर्तमान और भविष्य की कड़ियों को भी जोड़ता है इसलिए उसे स्वयंभू की उपाधि देते हुए कविर्मनीषी परिभू स्वयंभू के रूप में व्याख्यायित किया गया है। लेखक अलमस्त होता है। अपनी मस्ती में, विचारों के आरोह-अवरोह में वह अनेक बार लंबा समय बिताता है। जिस प्रकार मथने की क्रिया से नवनीत प्राप्त होता है, उसी प्रकार लेखक अथवा रचनाकार के मन- मस्तिष्क में भी विचारों की मथनी निरंतर चलती रहती है। हम सब भली-भांति परिचित हैं कि भारतवर्ष के प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई एक राजनेता तो थे ही, वे कवि एवं सृजनशील व्यक्तित्व के धनी भी थे। किसी भी रचना अथवा रचनाकार के प्रति उनके मन में सदैव सम्मान रहता था। वे रचनाकारों की संगत में खूब आनंद अनुभव करते थे। यही कारण है कि वे लेखक अथवा रचनाकारों के व्यक्तिगत जीवन और उनकी स्थिति से भी परिचित थे। रचनाकार अपने रचनात्मक क्रम में जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा लगता है। इसलिए अनेक बार वह अकेला पड़ जाता है, वैवाहिक जीवन में भी नहीं जा पाता। पारिवारिक जीवन से भी थोड़ा अलग रह जाता है।

- डॉ.वेदप्रकाश

जरा हटके

विचारों को आकार ...

डॉ .वेदप्रकाश

विचारों को आकार देता लेखक गाँव

विचार सागर में उठती लहरों की तरह हैं। ये जितनी गति से आते हैं उतनी ही गति से चले भी जाते हैं। ये विचार ही सृजन अथवा रचनात्मकता के मूल हैं। जैसे ही ये विचार आते हैं यदि उस समय उन्हें समुचित वातावरण मिल जाए तो वे सांचे में ढले हुए बर्तन के आकार की तरह किसी उत्कृष्ट रचना का रूप ले लेते हैं। ध्यान रहे विचारवान व्यक्ति ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु चिंता और चिंतन करता है। सकारात्मक और उत्कृष्ट विचारों से संपन्न कोई रचना, पाठ, कविता अथवा कहानी किसी व्यक्ति का जीवन बदलने की क्षमता रखते हैं।

आज जब हम भारतीय ज्ञान परंपरा के आदि ग्रंथ वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, रामचरितमानस आदि की चर्चा करते हैं तो उस चर्चा का मूल इन रचनाओं में विद्यमान विचार ही हैं। लेखक सृजनशील होता है। वह निर्माण करता है। वह अतीत, वर्तमान और भविष्य की कड़ियों को भी जोड़ता है इसलिए उसे स्वयंभू की उपाधि देते हुए कविर्मनीषी परिभू स्वयंभू के रूप में व्याख्यायित किया गया है।

लेखक अलमस्त होता है। अपनी मस्ती में, विचारों के आरोह-अवरोह में वह अनेक बार लंबा समय बिताता है। जिस प्रकार मथने की क्रिया से नवनीत प्राप्त होता है, उसी प्रकार लेखक अथवा रचनाकार के मन-मस्तिष्क में भी विचारों की मथनी निरंतर चलती रहती है। हम सब भली-भांति परिचित हैं कि भारतवर्ष के प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई एक राजनेता तो थे ही, वे कवि एवं सृजनशील व्यक्तित्व के धनी भी थे। किसी भी रचना अथवा रचनाकार के प्रति उनके मन में सदैव सम्मान रहता था। वे रचनाकारों की संगत में खूब आनंद अनुभव करते थे। यही कारण है कि वे लेखक अथवा रचनाकारों के व्यक्तिगत जीवन और उनकी स्थिति से भी परिचित थे। रचनाकार अपने रचनात्मक क्रम में जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा लगता है। इसलिए अनेक बार वह अकेला पड़ जाता है, वैवाहिक जीवन में भी नहीं जा पाता। पारिवारिक जीवन से भी थोड़ा अलग रह जाता है। ऐसे में वृद्धावस्था में उसके सामने अनेक चुनौतियां अथवा संकट खड़े होते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने एक बार भारतवर्ष के पूर्व शिक्षा मंत्री और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक जी की पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर मंच से यह चिंता व्यक्त की थी कि क्या इस देश में कोई लेखकों की भी चिंता करेगा। यह चिंता मूलतः एक विचार बन गई और उसी समय से डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक जी ने इस विचार को अंगीकृत कर लिया। वे इसे साकार करने हेतु लगातार प्रयासशील बने रहे। उन्होंने लेखक गांव बनाने का संकल्प लिया। जब देश-दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, तब वे एक मौन साधक व तपस्वी की तरह लेखक गांव के संकल्प को साकार करने के लिए दिन-रात कठिन परिश्रम कर रहे थे। स्वयं लंबे समय तक कोरोना से पीड़ित होने के बावजूद भी वे लेखक गांव के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाने के लिए प्रयास करते रहे। लेखक कुटीर, वहां बने लेखकों के आवास, किस रूप में आकर लें। पुस्तकालय कहां बने। अटल जी का विचार है तो वह सुंदर रूप में किस प्रकार साकार हो, इस चिंता में कई वर्ष परिश्रम करते हुए अंततः वर्ष 2024 में लेखक गांव ने आकार लिया। यानी एक विचार ने अनेक विचारों के लिए एक स्थान, एक ठाँव यानी एक गांव बना दिया। वर्ष 2024 में लेखक गांव में साहित्य, कला एवं संस्कृति का अंतरराष्ट्रीय महोत्सव हुआ। जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सहित देश- दुनिया की अनेक गणमान्य विभूतियां सम्मिलित हुई। तदुपरांत वर्ष 2025 में भी हुए अंतरराष्ट्रीय महोत्सव ने देश-दुनिया में लेखक गांव को न केवल चर्चित कर दिया अपितु लोकप्रियता के शिखर भी छू लिए। आज साहित्य, कला और संस्कृति की दुनिया में सभी लोग लेखक गांव को जानते हैं। लेखक गांव के प्रति सम्मान रखते हैं और आज यह लेखक गांव रचनात्मकता का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। देश- दुनिया की विभिन्न संस्थाएं यहां आए दिन साहित्य, कला और संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम करने के लिए जुट रही हैं। लेखक गांव का आंगन और वातावरण रचनाकारों के विचार को आकर दे रहा है।

आगामी 25 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2026 को लेखक गांव में इस वर्ष का साहित्य, कला और संस्कृति का तृतीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव फिर से आयोजित हो रहा है। इस वर्ष भी यहां देश दुनिया के अनेक प्रतिष्ठित विद्वान सहभागिता करेंगे। नालंदा पुस्तकालय विद्वानों के आकर्षण का विशेष केंद्र बन रहा है तो संजीवनी वाटिका सहज ही अपनी और मोहित कर लेती है। लेखक गांव में बनी प्रकृति की पाठशाला, प्रकृति पर्यावरण जैसे गंभीर चिंतन की ओर ध्यान खींचती है तो प्रकृति की गोद में बैठकर चिंतन के महत्व को भी प्रतिपादित करती है। तक्षशिला का नया भवन इस वर्ष लोकार्पित होना है। वह भी भारतवर्ष की विरासत का जीवंत रूप बना है। नवग्रह वाटिका के साथ-साथ लेखक गांव के एक द्वार पर भगवान धन्वंतरि आरोग्य हेतु सबको आशीर्वाद की मुद्रा में स्थापित हैं तो दूसरे द्वार पर लगभग 400 वर्ष पुराना भगवान नरसिंह देवता का मंदिर देवभूमि की महत्ता और अध्यात्म के विचार से सहज ही जोड़ देता है। लेखक गांव के प्रांगण में बीचोंबीच स्थापित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा वहां पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यह संदेश देती है कि यदि विचार हो तो वह साकार भी होता है। उसी के साथ में सैकड़ों फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भारत भाव के प्रति समर्पण का संदेश वाहक है। लेखक गांव के सामने से ही शिवालिक पर्वतमाला आकार लेती हैं। वहां की हरियाली, शांति और पहाड़ों पर तैरते बादल मेघदूत की संकल्पना को साकार करते हैं। लेखक गांव के प्रांगण में कहीं कोई चित्रकार कूंची से रंग भरता दिखाई देता है तो कहीं किसी पेड़ के नीचे विद्वानों की चौपाल साहित्य, कला और संस्कृति के विषयों पर गंभीर चर्चा और चिंतन करती दिखाई देती है। लेखक गांव के संस्थापक- संरक्षक डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक इस लेखक गांव की देखभाल और यहां पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति का स्वागत इस भाव से करते हैं कि आइए अपनी सृजनात्मकता को आकार दीजिए। आपके मन में किसी विषय को लेकर जो उधेड़बुन चल रही है, इसका एक सुंदर सा पाठ यहां आकर तैयार कीजिए। यह लेखक गांव आपका है, आपके स्वागत के लिए यह आपका इंतजार कर रहा है।

कहा- मतदाता सूची में फर्जी वोट जुड़वाने और असली वोट कटवाने की साजिश

बूथों पर सतर्क रहें सपा कार्यकर्ता

दावा

- भाजपा पर अखिलेश का वोट चोरी का आरोप
- 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाने का दावा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी करने और मतदाता सूची में गड़बड़ी कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर सतर्क रहने की अपील की। रविवार को सपा प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा फर्जी वोट बनवाने और विरोधी दलों के वास्तविक मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वोट चोरी और चंदा चोरी के प्रति जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। अखिलेश यादव ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में 26 हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालय बंद किए गए हैं, जबकि शराब की दुकानों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों से स्कूली शिक्षा प्रभावित हुई है।



2027 में सत्ता परिवर्तन का दावा

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य प्रभावित हुए हैं और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार तथा लूट के मामले सामने आए हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता भाजपा की नीतियों से नाराज है और आगामी विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि 2027 में भाजपा उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर हो जाएगी।

महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर निशाना

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अन्याय-अत्याचार से परेशान है। उन्होंने भाजपा पर भूमाफिया को संरक्षण देने तथा गरीबों, असहायों और सरकारी जमीनों पर कब्जे के मामलों में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि न्याय मांगने वालों को उल्टा फंसाया जाता है और कई मामलों में पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में रहती है।

पेपर लीक के मुद्दे पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने भाजपा सरकार पर परीक्षा व्यवस्था को ठीक से संचालित नहीं कर पाने और किसानों, नौजवानों, शिक्षकों तथा छात्रों को निराश करने का आरोप लगाया।



सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा सरकार से परेशान जनता प्रदेश में सत्ता परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि पीडीए एकजुट है और उसकी एकता से भाजपा सरकार घबराई हुई है। उनके मुताबिक, पीडीए से जुड़े लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है और उन्हें अपमानित तथा प्रताड़ित किया जा रहा है।

लखनऊ में डेंगू मरीजों की संख्या 511 पहुंची

अलीगंज, आलमबाग और इंदिरानगर में सबसे ज्यादा केस

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में डेंगू मरीजों की संख्या 500 से ज्यादा हो चुकी है। रविवार को डेंगू के 13 नए संक्रमित मिले। इनमें सबसे ज्यादा पॉजिटिव केस आलमबाग और अलीगंज में मिले हैं। इसके अलावा इंदिरानगर में भी 2 डेंगू संक्रमित मिले है। साथ ही टुडियागंज, एनके रोड और रेड क्रॉस में भी एक-एक केस रिपोर्ट हुए है।

वहीं, नगर निगम के जोनवार क्षेत्र में सबसे ज्यादा 108 मरीज जोन-8 में मिले है। यहां पर आशियाना, LDA कॉलोनी, शारदानगर, बिजली पासी, विद्यावती और अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड जैसे इलाके है। इसके बाद जोन-4 में 87 और जोन-3 में 60 मरीज मिले हैं।

जोन-4 के चिनहट द्वितीय, शहीद भगत सिंह प्रथम, गोमतीनगर, खरगापुर-सरसवां और इस्माइलगंज में अब तक 87 मरीज मिल चुके हैं।



वहीं, जोन-3 के अलीगंज, केशवन-गर, त्रिवेणीनगर, खदरा और फैजुल्लागंज में 60 मरीज मिले हैं।

जोन-6 में ठाकुरगंज, चौक, बालागंज, हुसैनाबाद, मल्लाहीटोला, आलमनगर और सआदतगंज समेत कई इलाकों में 59 मरीज मिले हैं। जोन-7 के इंदिरानगर, विकासनगर, खुर्रमनगर, मल्हौर, भरवारा, कमता और पॉलीटेक्निक के आसपास 56 मामले सामने आए हैं। जोन-1 में 28 और जोन-2 में 30 मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, बारिश के बाद जमा पानी, कूलर, गमलों और पुराने टायरों में डेंगू के मच्छरों का लार्वा पनप सकता है।

फास्ट न्यूज

लखनऊ में रामलीला आयोजित

लखनऊ। लखनऊ में श्री रामलीला दशहरा कमेटी की ओर से सेक्टर-एफ, हिंद नगर, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड पर आयोजित रामलीला के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। राम-सुग्रीव मित्रता, बालि वध, सीता खोज और लंका दहन की लीलाओं का मंचन किया गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से परिसर गूंज उठा। कमेटी के महामंत्री आलोक शुक्ला ने बताया कि आगामी दिनों में रामलीला का मंचन जारी रहेगा।

एमिटी स्कूल में डांडिया नाइट आयोजित

लखनऊ। लखनऊ के वृंदावन योजना स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों ने डांडिया नृत्य, संगीत और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में एसडी-एसएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अवनीकमल, पायनियर मॉन्टेसरी स्कूल की प्रधानाचार्या शर्मिला सिंह और अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल के पदाधिकारी शामिल हुए।

आयोजन में डांडिया नृत्य के साथ डीजे, फूड स्टॉल और आकर्षक एक्सेसरीज़ के स्टॉल लगाए गए। लोगों ने खानपान और खरीदारी का आनंद लिया।

अखिलेश, राहुल, आजम को रावण बनाया

लखनऊ। लखनऊ में एक बार फिर से होर्डिंग की सियासत देखने को मिली। रविवार सुबह शहर के अलग-अलग हिस्सों में दशहरे से पहले होर्डिंग लगाए गए। इन पर रावण के 10 सिरों को बाहुबलियों और नेताओं के सिर के रूप में दिखाया गया है। पहला सिर अखिलेश यादव, उसके बाद एलन मस्क, मोहम्मद युनुस, बीच में मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद की तस्वीर, उसके बाद आजम खान, इल्हान उमर, जॉर्ज सोरोस और राहुल गांधी की तस्वीर लगी है।

राजधानी में एबीवीपी का सीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन

बोले- नेहा बोरा धूल है, विद्यार्थी परिषद आंधी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया। रविवार को दोपहर डेढ़ बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 पर ABVP के करीब 200 कार्यकर्ता-पदाधिकारी इकट्ठा हुए। भगवा झंडे और पटकों के साथ इकट्ठा हुए कार्यकर्ताओं के हाथ में पोस्टर थे। कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में किए गए कॉकरोच जनता पार्टी और AISA समेत विभिन्न संगठनों के प्रदर्शनों और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा की मांग को गैरकानूनी बताया। कार्यकर्ता लखनऊ विश्वविद्यालय से हजरत-गंज चौराहे तक मार्च निकाल रहे थे। पुलिस ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोकने की कोशिश की। इस दौरान कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर हंगामा करने लगे। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों के पोस्टरों पर लिखा था- 'लोकतांत्रिक संस्थानों पर हमला नहीं सहेंगे' 'कॉकरोच पार्टी मुर्दाबाद'। नारे लगा रहे थे 'तुम वामपंथ से तोड़ोगे, हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे'। छात्रों ने कहा- नेहा बोरा, अभिजीत दीपके और ध्रुव राठी देश के खिलाफ हैं। नेहा धूल है, ABVP आंधी है। अर्पण कुशवाहा ने कहा कि जो राष्ट्रविरोधी ताकतें दिल्ली में जमा हुईं, आज हम उन ताकतों के खिलाफ एकत्रित हुए हैं।




मंडल की इकलौती महिला बस चालक रोज लगाती हैं अलीगढ़ से नोएडा के बीच चार चक्कर

शक्ति स्वरूपा सोनू ने परंपरा तोड़कर संभाला बस का स्टीयरिंग

तमसा संकेत, संवाददाता

अलीगढ़। नवरात्रि के पावन पर्व पर जहां घर-घर मां भगवती की आराधना हो रही है, अलीगढ़-नोएडा हाइवे प्रतिदिन नारीशक्ति का खामोश गवाह बनता है। अलीगढ़ की सोनू मलान जब इस मार्ग पर रोडवेज बस चलाते हुए गुजरती हैं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'सशक्त नारी-समृद्ध उत्तर प्रदेश' नारा चरित्रार्थ होता दिखाई देता है। पुरुष प्रधान माने जाने वाले परिवहन क्षेत्र में सोनू ने मेहनत और हौसले से अलग पहचान बनाई है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में बस चालक के पद पर तैनात सोनू रोज करीब 540 किलोमीटर बस चलाकर यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती हैं। उनका सफर उन महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो परंपरागत सोच से आगे बढ़कर अपनी अलग राह बनाना चाहती हैं। योगी सरकार की पहल से परिवहन जैसे क्षेत्र में महिलाओं को अवसर मिलना महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति का समग्र उद्देश्य भी नारी सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान व स्वावलंबन से जुड़ा है। सोनू मलान की कहानी बताती है कि सही अवसर, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति से महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी जगह बना सकती हैं। सोनू को बचपन से ही गाड़ियां चलाने का शौक था। महज 12 साल की उम्र में उन्होंने गांव में खेती-किसानी के काम के लिए ट्रैक्टर चलाना शुरू कर दिया था। गाड़ियां चलाने के प्रति उनका यही शौक आगे चलकर जुनून बन गया। वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में महिला बस चालकों की नियुक्ति का अवसर आया, तो सोनू ने भी इसमें रुचि दिखाते हुए आवेदन किया। चयनित महिलाओं में अलीगढ़ की सोनू मलान और गाजियाबाद के सिकंदराबाद क्षेत्र की वेद कुमारी शामिल थीं।



सोशल मीडिया पर 10 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स योगी सरकार की पहल से साकार हुआ सपना

मंडल की इकलौती महिला बस चालक

अलीगढ़ के जट्टारी क्षेत्र स्थित हजियापुर गांव की रहने वाली 28 वर्षीय सोनू मलान ने वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में बस चालक के पद पर कार्यभार संभाला था। वह अलीगढ़ मंडल की इकलौती महिला बस चालक हैं। सोनू अलीगढ़ से नोएडा के बीच रोडवेज बस चलाती हैं और दिन में चार चक्कर लगाकर करीब 540 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ वह रोज यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती हैं। स्टीयरिंग व्हील पर एक लड़की को देखकर कई बस यात्रियों के चेहरे पर आश्चर्य के भाव आते हैं, लेकिन सोनू की कुशल ड्राइविंग देखकर वे उनकी तारीफ करना और धन्यवाद करना भी नहीं भूलते।



अलीगढ़ मंडल की इकलौती महिला रोडवेज बस चालक सोनू मलान

सोशल मीडिया पर भी लोकप्रिय हैं सोनू

सोनू मलान की पहचान सिर्फ सड़कों तक सीमित नहीं है। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी-खासी लोकप्रियता है। उनके यूट्यूब पर करीब दो लाख, इंस्टाग्राम पर डेढ़ लाख और फेसबुक पर साढ़े छह लाख फॉलोअर्स हैं। वह अक्सर बस चलाने से जुड़े वीडियो साझा करती हैं, जिन्हें लोग पसंद करते हैं। इस तरह सोनू अपने काम के जरिए न सिर्फ यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचा रही हैं, बल्कि सोशल मीडिया पर भी महिलाओं को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का संदेश दे रही हैं।

सरोजनीनगर के अमौसी गांव में पुलिस ने बताए हेल्पलाइन नंबर

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं बच्चों को किया जागरूक

- साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। शारदीय नवरात्रि के अष्टम दिन 18 अक्टूबर 2026 को मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अमौसी गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा पुलिस की विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में पुलिस ने महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ और पिंक स्कूटी जैसी सुविधाओं के बारे में बताया। साथ ही आपातकालीन सहायता के लिए 112, अग्निशमन सेवा के लिए 101, बच्चों की सहायता के लिए 1098, एंबुलेंस सेवाओं के लिए 108 और 102, महिला हेल्पलाइन 1090 व 181 तथा जनसुनवाई हेल्पलाइन 1076 सहित महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने लोगों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करने और यूपी कॉप एप के माध्यम से उपलब्ध पुलिस सेवाओं का लाभ उठाने के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी समस्याओं के मामले में उपलब्ध सहायता सेवाओं का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में लोगों को जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

50 हजार रुपए के लेनदेन में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

बख्शी का तालाब । लखनऊ के बख्शी का तालाब (बीकेटी) इलाके में प्रॉपर्टी डीलर अरविंद रावत (39) की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी सूरज रावत फरार है। पुलिस के मुताबिक, हत्या की वजह 50 हजार रुपए का लेनदेन था। मुख्य आरोपी अमन धीमान को मृतक को रकम देनी थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने ईंट, पत्थर और हथौड़े से हमला कर अरविंद की हत्या कर दी।

अरविंद रावत मोहम्मदपुर रसूलपुर के रहने वाले थे। 13 अक्टूबर को उनका शव बीकेटी क्षेत्र में अचरामऊ से मलाक जाने वाले कच्चे रास्ते पर मिला था। शव के सिर और पैर बोरे से ढके थे। सिर बुरी तरह कुचला हुआ था। शरीर के सिर, गर्दन, पेट और हथेली पर चोट के निशान थे।

सपाइयों का ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन

'पाप का घड़ा' लिखा पोस्टर लगाकर मटकी फोड़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में रविवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अपने सिर पर मटकी रखा था। मटकी के ऊपर 'पाप का घड़ा' लिखकर पोस्टर लगा रखा था। कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे पर पहुंचकर मटकी को फोड़ा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के पाप का घड़ा भर चुका है।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। पुलिस के ऊपर प्रदर्शनकारियों ने अभद्रता का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वोट चोरों की सरकार है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। वहीं प्रदर्शनकारी महिलाएं सड़क पर लेट गईं। पुलिस उन्हें टांगकर ईको गॉर्डन ले गई। प्रदर्शन कर रही संजना ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या किया है। जब तक उनका इस्तीफा नहीं हो जाएगा हम लोग रोड पर रहेंगे। 35 करोड़ से ज्यादा वोट चोरी करके अलग-अलग राज्यों में और केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने में मदद किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके इशारे पर पूरा चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है। हम लोग लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।



सहायता : दिव्यांगजनों की सुगम पहुंच, आपदा सुरक्षा, जल संरक्षण और सुनियोजित ग्रामीण विकास पर विशेष जोर

'विकसित भारत -जी राम जी से सशक्त हो रहे गांव'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि विकसित भारत -जी राम जी योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, रोजगार सृजन, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन और सुनियोजित विकास को नई गति मिल रही है । योजना के अंतर्गत ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनसे गांवों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत हों, ग्रामीणों का जीवन सुगम बने और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप टिकाऊ विकास सुनिश्चित किया जा सके। इससे दिव्यांगजनों को सरकारी भवनों तक पहुंचने तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। यह व्यवस्था सुगम आवागमन के साथ समान अवसर और समावेशी विकास की भावना को भी मजबूत करेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा के समय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस योजना के अंतर्गत अति विषम मौसमी घटनाओं एवं आपदा सुसज्जता से संबंधित कार्यों के तहत बाढ़ राहत आश्रयों का निर्माण अनुमन्य है। इससे बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने और आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने में मदद मिलेगी। आपदा के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। मौर्य ने कहा कि जल संरक्षण ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण आधार है। गांवों में अमृत सरोवरों के माध्यम से वर्षा जल के संचयन, जल उपलब्धता में सुधार और पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा मिल रहा है। अमृत सरोवर केवल जल संरक्षण के केंद्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों के सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों और सामुदायिक सहभागिता के महत्वपूर्ण स्थल भी बन रहे हैं।



मौर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकारी भवनों को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाना महत्वपूर्ण है। इस योजना के अंतर्गत मूल ग्रामीण अवसंरचना श्रेणी में सरकारी भवनों में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए सीढ़ियों एवं रैंप का निर्माण अनुमन्य है।

उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने को प्रोत्साहन

मौर्य ने कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाओं को स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के अनुरूप तैयार करना समय की आवश्यकता है। इस योजना के अंतर्गत युक्तधारा प्लेटफॉर्म डिजिटल मानचित्रण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की बेहतर योजना बनाने में उपयोगी है। इस प्लेटफॉर्म पर जल, भूमि और आधारभूत संरचनाओं सहित विभिन्न संसाधनों से संबंधित उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करने और उपयुक्त कार्यों को प्राथमिकता देने में मदद मिलती है। इससे विकास कार्यों के चयन एवं नियोजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने को प्रोत्साहन मिलता है।

मॉडल श्रद्धा दुबे पहली बार मीडिया के सामने आई

बोली- मैंने हत्या नहीं की, शिवा को चौथी मंजिल से कूदते देखा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ पुलिस की 10 टीमें जिस मॉडल श्रद्धा दुबे को 9 दिनों से तलाश रही हैं, वह रविवार को पहली बार मीडिया के सामने आई। उसने कहा, 'मैंने शिवा की हत्या नहीं की है। शिवा मेरी आंखों के सामने बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदा था।'

श्रद्धा ने शाम करीब 6 बजे अज्ञात लोकेशन पर ANI न्यूज एजेंसी को करीब 3 मिनट की बाइट दी। आधे घंटे पहले ही पुलिस ने श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश पर 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार इनाम किया था।

मामले में किरकिरी होने के बाद हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। 9 अक्टूबर को करोड़पति कारोबारी शिवा शर्मा की अवध ग्रीन अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई थी। तब से श्रद्धा फरार है। दावा है कि वह लखनऊ से सीतापुर होते हुए बहराइच के रास्ते नेपाल पहुंच गई थी। पुलिस उसकी सटीक लोकेशन नहीं तलाश सकी। वह पुलिस को लगातार चकमा दे रही है। उसने लखनऊ कोर्ट में सरेंडर के लिए अर्जी भी दाखिल कर दी है। उसके कथित सफेदपोश और नौकरशाह मददगारों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। श्रद्धा ने कहा- सारे आरोप बेबुनियाद हैं। किसी के कह देने से कि हमने हत्या कर दी है, साबित नहीं होता है। हमने हत्या नहीं की है। वह एक सुसाइड था और वह मैंने अपनी आंखों से देखा कि वह मेरी ही बिल्डिंग से चौथे मंजिल से छलांग मार गया। अगर सीसीटीवी कैमरे निकलेंगे तो उसमें मैं साफ-साफ बेकसूर साबित हो जाऊंगी। कैमरे अभी तक नहीं निकले हैं। मेरे नेपाल बॉर्डर के कैमरे निकाले गए, लेकिन क्या मेरी बिल्डिंग के कैमरे निकालने में प्रॉब्लम हो रही है? मेरी बिल्डिंग के कैमरे निकाले जाएंगे, तब उसमें मैं बेकसूर साबित हो सकती हूं।



जेल जाना पड़े तो चले जाएंगे : राखी सावंत

बयान

चैनल ने जो कहा, मैंने वही बोला, झांसी में 'नामर्द' कहने पर सदमे में हुई थी मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

झांसी। झांसी कोर्ट ने शनिवार को बॉलीवुड अभिनेत्री राखी सावंत के खिलाफ गैर जमानती वारंट (NBW) जारी किया है। 16 साल पहले 'राखी का इंसाफ' शो में राखी सावंत ने झांसी के रहने वाले 24 साल के लक्ष्मण प्रसाद अहिरवार को नामर्द कहकर बेइज्जत किया था।

इससे सदमे में आकर लक्ष्मण की मौत हो गई थी। उनकी मां की शिकायत पर राखी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। समन पर राखी सावंत कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। गैर जमानती वारंट पर राखी सावंत ने कहा- जेल भी जाना पड़े, तो चले जाएंगे। मैं तो एक होस्ट थी, जो मुझे चैनल बोलने के लिए कहता, मैं बोलती थी। इस मामले की अगली सुनवाई सीएडब्ल्यू (एफटीसी) कोर्ट में अब 1 दिसंबर को होगी।

डीजीसी क्राइम मृदुलकांत श्रीवास्तव ने बताया- प्रेमनगर के टोरिया मोहल्ले में रहने वाला लक्ष्मण अहिरवार ठेले पर सब्जी बेचता था। उसकी शादी 19 फरवरी, 2010 को राजगढ़ की रहने वाली अनीता से हुई थी। शादी के करीब 7 महीने बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया था। इसके बाद अनीता मायके में रहने लगी थी। अनीता ने आरोप लगाया था कि उसके पति के एक रिश्तेदार की नीयत ठीक नहीं थी। उसने इसकी शिकायत लक्ष्मण से की, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। अनीता ने यह भी आरोप लगाया था कि लक्ष्मण शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। साल-2010 में टीवी शो 'राखी का इंसाफ' तक पति-पत्नी के झगड़े का मामला पहुंच गया था। लक्ष्मण अपनी मां सावित्री, मामी पूजा और मामा बलबीर के साथ मुंबई गया था। परिवार दिल्ली तक ट्रेन से और फिर वहां से प्लेन से मुंबई पहुंचा था। लक्ष्मण की मां सावित्री ने पुलिस को बताया था कि शो के दौरान राखी ने बेटे लक्ष्मण को काफी जलील किया था। उसे नामर्द कह दिया था। 23 अक्टूबर, 2010 को शो टीवी पर प्रसारित होने के बाद से उनका बेटा लोगों के सामने जाने से भी डरने लगा था। वह रात में सो नहीं पाता था और खाना भी छोड़ दिया था। मां के पूछने पर कहता था कि राखी सावंत ने उसकी जिंदगी खत्म कर दी है। अब वह जीना नहीं चाहता। घरवालों के मुताबिक, लक्ष्मण की हालत बिगड़ने पर उसे 9 नवंबर, 2010 को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां 10 नवंबर को उसकी मौत हो गई।




राखी बोलीं- मैं उस लड़के को नहीं जानती हूं

राखी सावंत ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा- हेलो, मेरे बारे में न्यूज तो आप सब सुन ही रहे होंगे। आपको मालूम ही होगा कि इसके पीछे कौन है? देश की जनता के लिए जेल भी जाना पड़े, तो चले जाएंगे। भारत माता की जय, जय भीम, जय महाराष्ट्र, वंदे मातरम। ये 2010 का केस है, जिससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। इस लड़के को तो मैं जानती भी नहीं। मुझे तो याद भी नहीं, मेरी याददाश्त शक्ति चली गई है। इस बंदे का कॉन्ट्रैक्ट चैनल के साथ हुआ था। शो खत्म होने के बाद वह लड़का बुखार से हॉस्पिटल में किधर मर जाता है और उसका इल्जाम चैनल पर, हम पर आता है। हमारा तो उससे कोई लेना-देना नहीं।

राखी बोलीं- कानून सिर्फ तुम्हारे लिए है क्या?

राखी ने कहा- मैं बच्चों, स्टूडेंट और जेन-जी को सपोर्ट करती हूं। मैं एक सेलिब्रिटी हूं, हमारे नाम से बहती गंगा में कोई हाथ धोना चाहता है, गड़े हुए मुर्दों को उखाड़ना चाहता है। मुझे ये धमकी जेल की देना चाह रहे। कानून सिर्फ तुम्हारे लिए है क्या? कानून अंधा है क्या? मैं हर कानून की रिस्पेक्ट करती हूं, हमेशा कानून के साथ हूं। झांसी पुलिस के साथ हूं, झांसी के कानून के साथ हूं।



सांसद कंगना रनोट ने अपने बयान पर सफाई दी, तो राखी सावंत उन पर भड़क गई थीं।

भगहर झील पर मूर्ति विसर्जन की तैयारियां तेज

एसडीएम और तहसीलदार ने किया निरीक्षण

तमसा संकेत, एजेंसी

सूरतगंज (बाराबंकी)। नवरात्रि के बाद दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बाराबंकी जिले के सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र स्थित भगहर झील पर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए रामनगर की एसडीएम आकांक्षा गुप्ता और तहसीलदार विपुल सिंह ने घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विसर्जन स्थल की साफ-सफाई सहित जरूरी तैयारियों पर ध्यान दिया। प्रशासनिक निरीक्षण के बाद घाट की सफाई का काम तेज हो गया है और झील में फैली जलकुंभी को बाहर निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। भगहर झील क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के मद्देनजर घाट को व्यवस्थित बनाने की कवायद चल रही है। झील में फैली जलकुंभी के कारण विसर्जन के दौरान परेशानी होने की आशंका को देखते हुए इसे हटाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जलकुंभी निकालने के साथ घाट के आसपास सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे प्रतिमा विसर्जन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकांक्षा गुप्ता और तहसीलदार विपुल सिंह ने विसर्जन स्थल की स्थिति का जायजा लिया।



फास्ट न्यूज

कानपुर में तेज रफ्तार गाड़ी ने एमआर को कुचला

कानपुर। कानपुर में रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह करीब पांच फीट उछलकर सड़क पर गिरा और घिसटते हुए आठ मीटर दूर तक चला गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एमआर ने रास्ते में गड्ढा देखकर अपनी बाइक की रफ्तार धीमी की थी, इसी बीच पीछे से आ रहे वाहन ने टक्कार मारी।

कानपुर में एनडीए छात्र ने फंदा लगाकर सुसाइड किया

कानपुर। कानपुर के काकादेव में रहकर नेशनल डिफेंस एकेडमी की तैयारी कर रहे 18 वर्षीय छात्र ने शनिवार देर रात हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। अन्य छात्रों ने उसे फंदे से लटका देखा तो हॉस्टल संचालक को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर काकादेव पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने देर रात करीब 11:30 बजे छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी दी। रात करीब एक बजे फतेहपुर से कानपुर पहुंचे परिजन बेटे का शव देखकर बिलख पड़े।

युवक की गला काटकर हत्या करने वाले को उम्रकैद

आगरा । आगरा में 18 वर्षीय मयूरी चालक अरशद की गला काटकर हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी जैनुद्दीन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश यशवंत कुमार सरोज ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर उसे दोषी करार दिया।

कोर्ट ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अंकिता भंडारी हत्याकांड में एक्ट्रेस उर्मिला के घर पहुंची सीबीआई

दो कार से चार अधिकारी उतरकर सीधे मकान में घुसे

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर । उत्तराखंड के अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच के लिए CBI की टीम रविवार दोपहर में करीब ढाई बजे फिर से एक्ट्रेस उर्मिला सनावर के सहारनपुर स्थित घर पहुंची है। CBI के चार अधिकारी दो गाड़ियों से आए हैं। उनमें में एक महिला अधिकारी भी शामिल हैं। वे कार से उतरने के बाद सीधे उर्मिला सनावर के घर में दाखिल हुए। इस समय वे घर के अंदर ही मौजूद हैं।

इससे पहले शनिवार को भी सीबीआई के अधिकारी एक्ट्रेस उर्मिला सनावर के घर आए थे। लेकिन घर में उर्मिला और परिवार का कोई और सदस्य मौजूद नहीं थीं। सिर्फ केयर टेकर थी। सीबीआई ने उर्मिला के बारे में पूछताछ की तो उसने जानकारी होने से इनकार दिया। सीबीआई अफसरों ने उससे कहा कि वी उर्मिला को सूचना दे दे कि उनसे केस के सिलसिले में पूछताछ होनी है। करीब एक घंटे तक घर पर रुकने के बाद टीम वापस लौट गई। इसके बाद थोड़ी देर बाद उर्मिला सनावर ने एक वीडियो जारी किया था।जिसमें उन्होंने कहा था कि मैं चाहती हूं कि सीबीआई के अधिकारी जब मुझसे करें तो मेरे साथ पत्रकार भी हों। ताकि मैं अपनी बात को सही तरीके से सामने रख सकूं। अंकिता मर्डर केस की निष्पक्ष जांच हो, आरोपी झूठ फैला रहे हैं। बताया जा रहा है कि उर्मिला इस वक्त दिल्ली में अंकिता भंडारी के माता-पिता के साथ हैं।अंकिता एक होटल में रिसेप्शनिस्ट थी।



दुर्गा पंडाल के बाहर 3 की मौत, बलरामपुर में 15 किमी पीछा करके पकड़ा

नशे में कार चला रहे युवक ने 7 को रौंदा

तमसा संकेत, एजेंसी

बलरामपुर। बलरामपुर में दुर्गा पंडाल के बाहर खड़े 7 लोगों को कार ने रौंद दिया। इनमें 3 की मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर घायल हैं। हादसा शनिवार रात 11 बजे उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग पंडाल के बगल में लगे टेंट में प्रोजेक्टर के जरिए प्रोग्राम देख रहे थे।

तभी अचानक तेज रफ्तार फोर्ड कार (UP 32 KA 2425) आई और टेंट में घुस गई। 7 लोगों को कुचलते हुए दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि धमाके जैसी आवाज हुई। कुछ लोग उछलकर 5-6 फीट दूर गिरे। चीख-पुकार मच गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने पाटेश्वरी प्रसाद (42), मनोज सिंह (51) और गणेश पांडेय (45) को मृत घोषित कर दिया। जबकि, 4 घायलों को हायर सेंटर बहराइच रेफर कर दिया। हादसे के बाद ड्राइवर कार लेकर मौके से भाग गया। लोगों ने 15 किमी. पीछा कर उसे पकड़ा। उन्होंने बताया कि ड्राइवर नशे में धुत था। उसकी कार में शराब की बोतलें रखी हुई थीं।



हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर कई बाइकें क्षतिग्रस्त मिली हैं।

> हादसे के बाद लोगों ने कार का पीछा किया। ड्राइवर कार लेकर करीब 15-16 किलोमीटर तक भागा। जब हमने पीछा कर उसे पकड़ा, तो वह कार छोड़कर बस से भागने की कोशिश करने लगा। आगे जाकर पुलिस ने उसे पकड़ा।

अंधेरा और स्पीड की वजह से हुआ हादसा- सीओ

सीओ अभिषेक सिंह ने बताया- चरनगहिया बेलहा गांव में कुछ लोग रोड किनारे कार्यक्रम कर रहे थे। इसमें प्रोजेक्टर के जरिए पर्दे लगाकर वीडियो देखे जा रहे थे। इसी बीच एक कार वहां से गुजर रही थी। अंधेरा होने की वजह से कार अनियंत्रित हो गई। 7 लोगों को रौंद दिया।

ड्राइवर कार लेकर मौके से भाग गया। उसे पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई। बॉर्डर सील कर दिए। एक घंटे के अंदर ड्राइवर आदर्श यादव को पकड़ लिया गया। वह सीतापुर का रहने वाला है।



गणेश पांडेय मृतक | माता प्रसाद मृतक | मनोज पांडेय मृतक

लोग घर जाने के लिए खड़े थे, तभी कार ने कुचल दिया

प्रत्यक्षदर्शी हिमांशु सिंह ने बताया कि- मंदिर में आरती हो चुकी थी। प्रसाद बंट रहा था। आधे लोग जा चुके थे। आधे लोग मंदिर के बाहर सड़क के किनारे खड़े थे। कार चालक काफी नशे में था। उसने सड़क किनारे खड़े लोगों के पर गाड़ी चढ़ा दी। लगभग 15 से 16 लोगों को चोटें आईं। पर्दे पर वीडिया की बात पर बताया कि घटना के समय कोई विशेष कार्यक्रम नहीं चल रहा था। मंदिर बंद होने का समय हो चुका था। यहां हर साल की तरह वीडियो का पर्दा लगा हुआ था, जिसे बंद करने का ऐलान माइक पर किया जा रहा था। लोग घर जाने के लिए खड़े थे।

दशहरा में आगरा से मसूरी जा रहे थे, इनमें एक बीएसएफ अफसर का इकलौता बेटा

डिवाइडर से टकराई थार, 3 दोस्तों की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर । सहारनपुर में रविवार तड़के 4 बजे एक थार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। 2 घायल हैं। सभी पांच दोस्त दशहरे पर आगरा से मसूरी घूमने के लिए जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि थार का अगला हिस्सा बुरी तरह से पिचक गया।

हादसे में साहिल तिवारी (25), राहुल सिंह (25) और सक्षम गौतम (22) की मौत हो गई। सचिन और हेमंत वर्मा गंभीर घायल हैं। दोनों चचेरे भाई हैं। सहारनपुर जिला अस्पताल में भर्ती हैं। हादसा नागल थाना क्षेत्र में बेलड़ा गोल चक्कर के पास हुआ।

राहुल और सक्षम के पिता पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए। बेटे की लाश देखकर दोनों फूट-फूटकर रोए। साहिल घर का इकलौता लड़का था। पिता बीएसएफ में हैं और बेंगलुरू में उनकी पोस्टिंग हैं। साहिल अपनी मां और बहन के साथ दिल्ली में रहता था। उसकी लाश देखकर दोनों बेसुध हो गईं। राहुल के पिता गोपाल सिंह ने बताया- बेटा शनिवार दोपहर करीब 3 बजे गाड़ी लेकर घर से निकला था।



साहिल तिवारी मृतक | सक्षम गौतम मृतक | राहुल कुमार मृतक

डिवाइडर से टकराकर कार पलटी, 2 लोग पुल से नीचे गिरे

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- रविवार तड़के 4 बजे थार गाड़ी स्पीड में बेलड़ा गोल चक्कर के पास से गुजर रही थी। अचानक जोर से धमाके की आवाज सुनाई पड़ी। जाकर देखा तो थार गाड़ी पलटी हुई थी। शीशे टूटकर सड़क पर बिखरे हुए थे। गाड़ी के अगले हिस्से को देखकर लग रहा था कि कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर पलट गई।

घायल दोस्त बोला- आंख खुली तो खुद को सड़क पर पाया

हादसे में घायल सचिन ने बताया- राहुल एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कम्पाउंडर था। सक्षम सनफार्मा क्लासिक कंपनी का एरिया मैनेजर था। मैं नोएडा में नौकरी करता हूं। दशहरे की छुट्टी पर घर आया था। हम पांचों दोस्त शनिवार रात 9 बजे आगरा से निकले थे। कार मेरा चचेरा भाई हेमंत चला रहा था। मैं उसके बगल में बैठा था।

हादसे में मरने वाले तीनों दोस्त पीछे की सीट पर बैठे थे। हादसे के समय मैं सो रहा था। पता नहीं कार अचानक कैसे बेकाबू हुई और डिवाइडर से टकरा गई। जब मेरी आंख खुली तो खुद को सड़क पर पड़ा पाया। बाद में पता चला कि जीप का एक्सीडेंट हो गया। साहिल शांतिनगर, सक्षम गौतम कमला नगर और राहुल कुमार टेढ़ी बगिया का रहने वाला था।



साहिल के मौसा ब्रह्मानंद ने बताया कि साहिल का आगरा में मकान है। वह कभी कभार अपने मकान को देखने आता था। वह दो दिन पहले ही आगरा आया था। उसके पिता बीएसएफ में अधिकारी हैं।वर्तमान में बेंगलुरु में पोस्टेड हैं, जबकि साहिल अपनी बहन और मां के साथ दिल्ली में रहता था।

घूस लेने के आरोपी डॉक्टरों की न्यायिक रिमांड मंजूर

कानपुर में डॉ. प्रवीण और डॉ. महेश जेल गए

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में होमगार्ड भर्ती घूसकांड मामले में आरोपी डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. महेश कुमार द्विवेदी को शनिवार देर रात पुलिस ने जेल भेज दिया गया। जेल जाने से बचने के लिए आरोपी डॉक्टर एंजाइना, सर्वाइकल जैसी बीमारियों का हवाला देकर उर्सला अस्पताल में भर्ती हो गए। तमाम तरह के दांवपेच आजमाने के बाद भी वह जेल जाने से नहीं बच सके।

साथी डॉक्टरों से सांठ-गांठ कर खुद की हालत गंभीर बताते हुए एक महीने का बेडरेस्ट भी लिखवा लिया, लेकिन यह सारे हथकंडे हैलट अस्पताल पहुंचते ही फेल हो गए।

शनिवार रात करीब 11 बजे पुलिस दोनों आरोपी डॉक्टरों को हैलट अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने सघन जांच शुरू की तो हकीकत कुछ और निकली। आरोपी डॉक्टरों की सभी जांच रिपोर्ट उनके पूरी तरह से स्वस्थ्य होने के दावे कर रही थीं। इसके बाद पुलिस देर रात करीब 11:40 पर पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

हालांकि ड्राइवर अजीत का न्यायिक रिमांड खारिज होने की वजह से वह जेल जाने से बच गया। इसके पीछे कोतवाली पुलिस की लापरवाही रही। पुलिस लाइन में 15 अक्टूबर को होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के दस्तावेज और मेडिकल चेकअप किया जा रहा था। इसके लिए पहले दिन 200 अभ्यर्थियों को परीक्षण के लिए बुलाया गया।



पृष्ठ 01 का शेष...

दुर्गा पंडालों में सुरक्षा ...

डीएम, कप्तान पंडालों का निरीक्षण कर एंट्री व एग्जिट पॉइंट की जांच भी सुनिश्चित करें। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में इमरजेंसी एग्जिट के लिए पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। विद्युत व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन व ऊर्जा विभाग के अधिकारी सुरक्षात्मक प्रबंधों का परीक्षण भी कर लें। इसमें किसी भी प्रकार की हीला-हवाली अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने रामनवमी व विजयादशमी त्योहार पर प्रशासन, पुलिस, विद्युत, नगर निगम, नगर निकायों, पेयजल समेत संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को फील्ड में रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी दुर्गा पंडालों, मार्गों आदि पर सुरक्षा, स्वच्छता के साथ ही जनसुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। मूर्ति विसर्जन के दौरान भी यात्रा मार्गों तथा विसर्जन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, बिजली के तारों, स्वच्छता आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर नजर रखी जाए। आस्था का सम्मान करें, लेकिन किसी नई परंपरा को प्रोत्साहित न करें। यह भी सुनिश्चित करें कि इस दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं ...

पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल हो गया था। सरकार ने सिटी एसपी को हटा दिया है। 8 अफसर-पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया गया है। इनमें चार टीआई हैं।

फोरेंसिक पैथोलॉजिस्ट डॉ. माखनलाल ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले 14 लोगों का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। सभी शव बुरी तरह कुचले हुए थे। कुछ शवों के सभी अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे।

ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर से शव बाहर निकाला गया तो परिजन फूट-फूटकर रो पड़े। हादसे में कुल 31 मरीज भर्ती हुए थे, जिनमें से 13 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। फिलहाल 3 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें एक की हालत खतरे से बाहर है, जबकि 2 मरीज ICU में हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर के अस्पताल पहुंचकर हादसे में मृतकों और घायलों के परिजनों से मुलाकात की।

सिंधिया ने कहा कि रात के अंधेरे में ट्रक को प्रवेश कैसे मिला। ट्रक ग्वालियर तक कैसे पहुंचा, इसकी सख्ती से जांच होनी चाहिए।

मृतक देवेश के दादा लक्ष्मण सिंह ने बताया कि 17 साल का देवेश भितरवार का रहने वाला था। वह पिछले तीन साल से अपने भाई के साथ ग्वालियर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह कक्षा 11वीं का छात्र था। ग्वालियर हादसे में श्योपुर के सहसराम गांव के रहने वाले महेश की मौत हो गई।

वहीं, उनके छोटे भाई संजय शर्मा के दोनों पैर कट गए हैं। वह फिलहाल ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती हैं। संजय के बेटे सौर्य की भी मौत हो गई है।

भारत न तो बांग्लादेश ...

ढाका यूनिवर्सिटी और जहांगीर यूनिवर्सिटी बढ़ती धमकियों और हमलों के बीच मुश्किल हालात में हैं। भारत में भी हमारे संस्थानों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की यही स्थिति है, जहां छात्रों के अधिकारों पर बड़े पैमाने पर रोक लगाई जा रही है। शिक्षा के निजीकरण पर जोर दिया जा रहा है। यहां शिक्षण संस्थानों का भगवाकरण हो रहा है और आलोचनात्मक सोच को दबाया जा रहा है।

भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने कहा- बांग्लादेश में क्या हुआ, यह साफ है। एक इस्लामवादी समूह ने भीड़ का इस्तेमाल करते हुए अराजकता फैलाई और पूरी व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की। उनका मकसद सत्ता परिवर्तन था। नेहा बोरा भी भारत में बांग्लादेश जैसा अराजक आंदोलन चाहती हैं।

भंडारी ने कहा- अब यह स्पष्ट है कि जब राहुल गांधी लोकतांत्रिक तरीकों से अपने परिवार को सत्ता में लाने में विफल रहते हैं, तो वह अपने पूरे इकोसिस्टम के साथ भारत में लोकतंत्र को नष्ट करने की साजिश रच रहे हैं। राहुल का उद्देश्य लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि अराजकता को वैधता देना है।

इस साल जुलाई में नेहा बोरा NEET पेपर लीक के मुद्दे पर कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रदर्शनों के दौरान चर्चा में आईं। इन प्रदर्शनों में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई थी। वह दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में भी शामिल हुईं।

अक्टूबर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) में गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान वह फिर चर्चा में आईं।

10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। हिरासत के दौरान जारी एक वीडियो में उन्होंने कहा- मैं हिरासत में हूं, आंदोलन नहीं। उनके भाषणों और प्रदर्शनों के वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए।

औद्योगिक क्लस्टर को ...

उनका कहना है कि औद्योगिक गलियारे विकसित होने से जिले में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिल सकता है और स्थानीय विकास को गति मिल सकती है।

दोनों परियोजनाओं में बजट स्वीकृत होने के बाद अब आगे की प्रक्रिया पर नजर है। औद्योगिक क्षेत्रों का विकास पूरा होने पर यहां उद्योगों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। हालांकि, उद्योगों की स्थापना और उनसे रोजगार सृजन की स्थिति आगे की प्रगति पर निर्भर करेगी।

मुझ पर केस किया ...

पूरी दुनिया मानती थी कि इंडिया का एजुकेशन सिस्टम नंबर वन मॉडल का था। लेकिन, आज दिल्ली में स्टूडेंट्स को ही मारा जा रहा है। हर एजुकेशनल सिस्टम में इन्होंने बीजेपी और आरएस-एस के लोग बैठे हुए हैं।

हाईटेक करप्शन, जमीन का करप्शन ये यहां करते हैं। जैसे पहले गुजरात में नरेंद्र मोदी का मॉडल था। वैसे ही गोवा में करप्शन का मॉडल है। इसे सिर्फ कांग्रेस ही खत्म कर सकती है।

पहले मास्टर प्लान था, मास्टर प्लान को रद्द कर दिया। इनका यही काम है कि पैसा कैसे बनाए। इनका यही काम है। गोवा की जनता को लूटने का, आपकी जमीन छीनकर अरबपतियों को देने का।

गोवा देश में सबसे सुंदर जगह है, सबसे अच्छा कल्चर है। लेकिन यहां भी सरकार आपकी जमीन छीनकर गोवा के जो बाहर के लोग हैं उनको करोड़ों में बेचती है। पहले मास्टर प्लान था, मास्टर प्लान को रद्द कर दिया। इनका यही काम है कि पैसा कैसे बनाए।

राहुल गांधी कांग्रेस की 'गोय राखोन यात्रा' के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। यह यात्रा 22 सितंबर से शुरू हुई थी और गोवा की सभी 40 विधानसभा सीटों तक पहुंची। कांग्रेस ने इसमें जमीन, पहचान, पर्यावरण, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और सुरक्षा जैसे मुद्दे उठाए हैं।

गोवा में अगला विधानसभा चुनाव 2027 की शुरुआत में संभवतः फरवरी-मार्च 2027 में होगा। चुनाव की आधिकारिक तारीख अभी घोषित नहीं हुई है। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 14 मार्च 2027 को खत्म होगा।

गोवा में कांग्रेस 2012 से सत्ता से बाहर है, यानी करीब 15 साल। 2012 में कांग्रेस सरकार को BJP-MGP गठबंधन ने हराया था। 2017 में कांग्रेस 17 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन BJP ने गठबंधन बनाकर सरकार बना ली। 2022 में BJP ने 20 सीटें जीतीं और बाद में कांग्रेस के 8 विधायक BJP में चले गए।

राहुल ने कहा- आप गोवा के बारे में सोचिए। दिल्ली में हम कुछ ही समय में हम पीएम मोदी, अमित शाह से निपट लेंगे। काम जारी है। एक्सपायरी डेट आने वाली है।

फुटबॉल मैच के दौरान मैदान पर घुसी कार

हादसा

6 साल के बच्चे समेत 2 की मौत, कई घायल, ड्राइवर हिरासत में है

कंसास (अमेरिका), एजेंसी


अमेरिका के कंसास में शनिवार को एक फुटबॉल मैच के दौरान एक कार मैदान में घुस गई। हादसे में 6 साल के एक बच्चे समेत 2 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। यह घटना विचिटा स्थित स्ट्राइकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई। कार करीब 3:25 बजे मैदान में घुसी, उस समय स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का मैच चल रहा था।

विचिटा पुलिस ने ड्राइवर को तुरंत हिरासत में ले लिया। अधिकारियों के मुताबिक, अब आम लोगों को अब कोई खतरा नहीं है। कार के अंदर 2 नाबालिग सवार थे। हादसे के बाद कार घटनास्थल पर ही रही। विचिटा पुलिस विभाग के



हादसे के बाद बचाव कार्य में जुड़े सुरक्षा कर्मी।





मैदान के अंदर घुसी काले रंग की कार। साथ में पुलिस वैन भी दिख रही है।

> घटना में मारे गए दोनों लोगों में एक नाबालिग और एक वयस्क शामिल हैं। जांच पूरी होने तक अधिकारियों ने मृतकों पहचान सार्वजनिक नहीं की है।
>
> जांचकर्ताओं को अभी यह पता नहीं चला है कि कार की रफ्तार कितनी थी। यह भी साफ नहीं है कि कार सुरक्षा घेरे के गेट से किस तरह मैदान में घुसी।

आरोन मोसेस ने बताया कि ड्राइवर हिरासत में है। उन्होंने कहा, 'उस ड्राइवर से आम लोगों को अब कोई और खतरा नहीं है।'

हादसे के बाद सभी इवेंट रोके गए

हादसे के बाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले सभी कार्यक्रम तुरंत रोक दिए गए। कंसास स्टेट हाई स्कूल एक्टिविटीज एसोसिएशन (KSHSAA) ने X पर लिखा, 'KSHSAA शनिवार को स्ट्राइकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फ्लैग फुटबॉल प्रतियोगिता से जुड़े मैदान पर हुई घटना से प्रभावित परिवारों और टीमों के प्रति संवेदना जताता है।'

एसोसिएशन ने लिखा- 'आपात स्थिति को देखते हुए हमने फ्लैग फुटबॉल के तीसरे स्थान और चैंपियनशिप मैच बाद की तारीख तक रोकना सही समझा। इसकी जानकारी सोमवार को दी जाएगी।'

शमार स्प्रिंगर वेस्टइंडीज टेस्ट टीम में शामिल

कीमो पॉल निजी कारणों से बांग्लादेश दौरे से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए शमार स्प्रिंगर को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कीमो पॉल की जगह ली है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज (CWI) ने रविवार को बताया कि पॉल निजी और पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौटेंगे। स्प्रिंगर ने अभी तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है।

वेस्टइंडीज का बांग्लादेश दौरा 22 अक्टूबर से ढाका में 3 दिन के प्रैक्टिस मैच से शुरू होगा। पहला टेस्ट 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मीरपुर में खेला जाएगा। रोस्टन चेज कप्तान और जोमेल वॉरिकन उप-कप्तान हैं।

28 साल के शामर स्प्रिंगर वेस्टइंडीज के लिए तीन वनडे और 12 टी20 इंटरनेशनल खेल चुके हैं। वह अब तक टेस्ट टीम में जगह बनाने के बावजूद टेस्ट मैच नहीं खेल सके हैं। स्प्रिंगर ने 23 फर्स्ट-क्लास मैचों में 1,043 रन बनाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 32.59 है। उन्होंने 27.87 की औसत से 58 विकेट भी लिए हैं।

उन्होंने 2026 वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में बारबाडोस के लिए अच्छी बल्लेबाजी की। 4 मैचों में उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए। हालांकि, गेंदबाजी में उनका प्रदर्शन सामान्य रहा। वे आठ पारियों में उन्होंने 42.00 की औसत से 7 विकेट ही ले सके हैं। CWI ने बताया कि ओजाय शील्ड्स और नायल स्मिथ को पॉल के संभावित विकल्पों के तौर पर देखा गया था।

वनडे ट्राई सीरीज-जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को 99 रन से हराया

एर्विन-टेलर में 150 रन की साझेदारी, ब्रैड इवांस को 4 विकेट

नई दिल्ली, एजेंसी

जिम्बाब्वे ने UAE में चल रही वनडे ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को 99 रन से हरा दिया। 93 रन बनाने वाले क्रेग एर्विन प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने बैटिंग चुनी। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 271 रन बनाए। ब्रेंडन टेलर ने भी 81 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे की पारी संभाली। जवाब में बांग्लादेश 33.4 ओवर में 172 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्रैड इवांस ने 45 रन देकर 4 विकेट लिए।

जिम्बाब्वे ने टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी चुनी। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने शुरुआती स्पेल में



तीन विकेट लेकर जिम्बाब्वे को दबाव में डाल दिया। उन्होंने सात ओवर के अंदर ब्रायन बेनेट, बेन करन और तफाद्जवा त्सिगा को आउट किया। इसके बाद जिम्बाब्वे का स्कोर 24 रन पर 3 विकेट हो गया। यहां से टेलर-एर्विन ने पारी संभाली। एर्विन शतक से 7 रन दूर रह गए।

बांग्लादेश की ओर से तस्कीन अहमद ने 10 ओवर में 44 रन देकर 3 विकेट लिए। सैफ हसन और शोरिफुल इस्लाम ने 2-2 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने तेज शुरुआत की। तंजीद हसन तमीम ने 38 गेंदों पर 46 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। हालांकि, सौम्य सरकार 9 रन बनाकर ब्लेसिंग मुजारबानी का शिकार हो गए।

इसके बाद न्यूमैन न्यामहुरी ने 10वें ओवर में तंजीद को आउट कर दिया। इसके बाद बांग्लादेश की पारी लड़खड़ा गई। ब्रैड इवांस ने मिडिल ऑर्डर को वापसी का मौका नहीं दिया। उन्होंने 45 रन देकर 4 विकेट लिए।

गावस्कर बोले- हार्दिक पंड्या की जगह कोई नहीं ले सकता

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारत को हार्दिक पंड्या का विकल्प तलाशना बंद करना चाहिए। पंड्या की जगह कोई नहीं ले सकता।

77 साल के गावस्कर ने शनिवार रात को कहा कि इंडियन टीम को अलग-अलग रोल प्ले करने वाले प्लेयर्स पर ध्यान देना चाहिए। उसे अपनी गेंदबाजी मजबूत रखने के लिए कम से कम 4 स्पेशलिस्ट बॉलर्स खिलाने चाहिए।

गावस्कर ने जियोस्टार पर कहा कि 5वें और छठे गेंदबाजी विकल्प के तौर पर ऐसे ऑलराउंडर होने चाहिए, जो बल्लेबाजी भी कर सकें।

गावस्कर ने कहा, 'हम कभी-कभी हार्दिक पंड्या का रिप्लेसमेंट तलाशने में जरूरत से ज्यादा जुट जाते हैं। हार्दिक पंड्या की जगह कोई नहीं ले सकता।'

उन्होंने कहा, 'अगर आपको उनकी क्षमता वाला खिलाड़ी नहीं मिलता, तो ऐसे खिलाड़ी को चुनिए, जो थोड़ा अलग काम कर सके।'

कहा- 2 मैच में बेहतर गेंदबाजी करते तो नतीजा अलग होता, सीरीज 2-2 से बराबर

वैभव सूर्यवंशी को मौका मिलेगा : श्रेयस

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वैभव सूर्यवंशी को मौका जरूर मिलेगा। उन्हें इसका इंतजार करना होगा।

बेंगलुरु में शनिवार को 5वें टी-20 मैच के बाद श्रेयस से वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं करने पर सवाल किया गया था।

इस पर अय्यर ने कहा- 'मैं उससे यही कहता हूं कि तुम्हें मौका मिलेगा। कभी-कभी इंतजार करना पड़ता है। हमारे पास 2 शानदार ओपनर हैं। वैभव के साथ हमारी बातचीत इसी बारे में होती रही है।' वैभव इस सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिला।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा, 'हम सीरीज जीतने के बहुत करीब थे। ऐसा कुछ, जो हमने 20 से ज्यादा वर्षों में नहीं किया है।'

उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप



से आगे बढ़ रहे हैं। सफलता का मतलब केवल सीरीज जीतना नहीं है।' होप ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने अलग-अलग मौकों पर जिम्मेदारी उठाई। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां टी-20 बेनतीजा रहा। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश की वजह से 6:30 बजे होने वाला टॉस ढाई घंटे लेट 9 बजे हुआ।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मैच 9-9 ओवर का किया गया। भारत ने शनिवार को 7.4 ओवर में 5 विकेट पर 118 रन बनाए। इसके बाद बारिश आ गई और आगे का मैच नहीं हो सका।



अय्यर ने होप के प्रदर्शन की तारीफ की

भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि दूसरे और चौथे मैच में बेहतर गेंदबाजी करते, तो सीरीज का नतीजा अलग हो सकता था। उन्होंने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों और खासकर शाई होप को पूरी सीरीज में अच्छा खेलने का श्रेय दिया। अय्यर ने कहा, 'जहां श्रेय देना चाहिए, वहां देना चाहिए। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। शाई होप ने पूरी सीरीज में जिस तरह बल्लेबाजी की, वह शानदार था।

मनोरंजन

नोटिस को गैरकानूनी बताया, एक्टर से ओसीआई कार्ड रद्द करने को लेकर मांगा गया जवाब

भारत छोड़ने के नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे इमरान खान

नई दिल्ली, एजेंसी

एक्टर इमरान खान ने भारत छोड़ने के नोटिस को शनिवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने इसे मनमाना, गैरकानूनी और असंवैधानिक बताया है।

मुंबई के फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (FRRO) ने शनिवार को उन्हें दूसरा नोटिस भी भेजा। इसमें पूछा गया है कि उनका ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (OCI) कार्ड क्यों न रद्द किया जाए। इमरान को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। पहले नोटिस में उन्हें 28 अक्टूबर से





किरीट सोमैया महाराष्ट्र भाजपा के उपाध्यक्ष हैं। वह मुंबई उत्तर-पूर्व लोकसभा क्षेत्र से 13वीं और 16वीं लोकसभा के सांसद (MP) रह चुके हैं।

पहले भारत छोड़ने को कहा गया था।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, इमरान ने अपने वकील जुल्फिकार मेमन और MZM लीगल के जरिए याचिका दायर की।

याचिका में कहा गया कि मौजूदा कानून या नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो OCI कार्डधारक को शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने से रोकता हो। इमरान की ओर से कहा गया कि पुलिस ने नोटिस जारी करते समय कोई वजह नहीं बताई और न ही इसके समर्थन में दस्तावेज दिए। उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका भी नहीं मिला। याचिका में 10 अक्टूबर को पुलिस हिरासत में लिए जाने को भी गलत बताया गया है।

10 अक्टूबर को प्रदर्शन में पहुंचे थे इमरान

इमरान खान ने 10 अक्टूबर को मुंबई में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। अगस्त क्रांति मैदान से पहले बैरिकेड पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया था। इसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इमरान ने कहा कि बाद में उन्हें मीडिया से पता चला कि मामले में उनका नाम FIR में दर्ज है। उनकी लीगल टीम ने पुलिस से इलाके के CCTV फुटेज देने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वह प्रदर्शन में शामिल थे या नहीं।

उनके वकील ने बताया कि इमरान उस दिन नाना चौक से गुजर रहे थे। रास्ता बंद होने और मीडियाकर्मियों के सवाल पूछने पर उन्होंने बयान दिया था।


किरीट सोमैया की शिकायत से शुरू हुआ पूरा विवाद

इस पूरे मामले की शुरुआत बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया की शिकायत के बाद हुई थी। सोमैया ने मुंबई पुलिस और एफआरआरओ को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि अमेरिकी नागरिक होने के नाते इमरान खान का राजनीतिक प्रदर्शन में शामिल होना OCI नियमों और वीजा शर्तों का सीधा उल्लंघन है। नागरिकता कानून के मुताबिक, ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (OCI) कार्डधारकों को भारत में रहने और आने-जाने की सुविधा मिलती है, लेकिन उन्हें भारत में कोई राजनीतिक अधिकार या आंदोलन में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं होती। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल होने के कारण ही यह पूरी कानूनी कार्रवाई शुरू हुई है।



मुखर्जी परिवार की दुर्गा पूजा में शामिल हुए रणबीर कपूर

पंडाल में हर्षदीप कौर के साथ गाया गाना 'कबीरा'



नई दिल्ली, एजेंसी

रणबीर कपूर शनिवार शाम को मुखर्जी परिवार की दुर्गा पूजा में शामिल हुए। वो मुंबई के नॉर्थ बॉम्बे सार्बोजनिन दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। उन्होंने यहां देवी दुर्गा के दर्शन किए। रणबीर कपूर ने सिंगर हर्षदीप कौर के साथ स्टेज पर 'कबीरा' गाना गाया। यह गाना 2013 में आई उनकी फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' का है। इसके बाद रणबीर ने हाथ जोड़कर तस्वीरें खिंचवाईं। वह अयान मुखर्जी और पूजा में आए कुछ दूसरे मेहमानों से भी मिले।

रणबीर के साथ फिल्ममेकर और उनके दोस्त अयान मुखर्जी भी पंडाल में मौजूद थे। अयान ने ही 'ये जवानी है दीवानी' का निर्देशन किया था। रणबीर के साथ फिल्ममेकर और उनके दोस्त अयान मुखर्जी भी पंडाल में मौजूद थे। अयान ने ही 'ये जवानी है दीवानी' का निर्देशन किया था। रणबीर की परफॉर्मेंस का वीडियो सामने आने के बाद फैंस नॉस्टैल्जिक हो गए। एक फैन ने लिखा, "ओएमजी, वह यहां बहुत ज्यादा हैंडसम लग रहे हैं।"

दूसरे फैंस ने 'ये जवानी है दीवानी' के GIF कमेंट किए। एक उत्साहित फैन ने लिखा, "ओएमजी, जिस तरह नॉस्टैल्जिया ने मुझे अभी घेर लिया।" एक अन्य फैन ने हार्ट-आइज इमोजी के साथ लिखा, "क्या प्यारा पल है।" कई फैंस ने वीडियो पर हार्ट और हार्ट-आइज इमोजी भी कमेंट किए।



'स्पिरिट' से प्रभास का नया पोस्टर जारी

दीपिका पर लगा था मूवी की कहानी लीक करने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'स्पिरिट' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर रविवार शेयर किया।

पोस्टर में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास काले कपड़ों, टोपी और चश्मे में नजर आ रहे हैं।उनका लुक काफी गंभीर दिख रहा है।

इसके साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आई है। 'स्पिरिट' 29 अक्टूबर 2027 को दिवाली के मौके पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, प्रणय रेड्डी वांगा और प्रभाकर रेड्डी वांगा फिल्म के प्रोड्यूसर हैं।

इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि दीपिका ने फिल्म के लिए भारी फीस के साथ 10% प्रॉफिट शेयर मांगा था। मेकर्स उनकी मांग से सहमत नहीं हुए थे। इसके बाद उन्होंने दूसरे कलाकारों पर विचार शुरू किया था। प्रणय के मुताबिक, इसी दौरान फिल्म की कहानी और किरदार से जुड़ी जानकारी लीक हो गई थी। उन्होंने कहा था कि इससे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा नाराज हुए थे।

प्रणय ने बिना नाम लिए दीपिका पर सवाल भी



उठाए थे। उन्होंने पूछा था कि मेकर्स की मेहनत वाली कहानी लीक करना कौन सा फेमिनिज्म है। दीपिका के फिल्म से बाहर होने के बाद प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी को कास्ट किया गया था।

दीपिका के स्पिरिट से बाहर होने पर विवाद हुआ

स्पिरिट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने को लेकर फिल्म चर्चा में आ गई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, दीपिका ने प्रतिदिन केवल 6 से 8 घंटे की शिफ्ट में काम करने की शर्त रखी थी, जिससे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा सहमत नहीं थे। वहीं, संदीप रेड्डी वांगा के भाई प्रणय रेड्डी वांगा ने स्पिरिट से दीपिका के बाहर होने को लेकर बड़ा दावा किया था।

मेकर्स ने इससे पहले फिल्म से 2026 के न्यू ईयर के दिन प्रभास का फिल्म से पहला लुक जारी किया था। पोस्टर में वह घायल पीठ के साथ गंभीर अंदाज में नजर आए थे।

पोस्टर में फीमेल लीड तृप्ति डिमरी प्रभास के किरदार को सिगरेट जलाते हुए दिखी थीं। बता दें कि फिल्म में विवेक ओबेरॉय भी हैं। ऐश्वर्या देसाई इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं।

रक्षा मंत्री बोले- ऐसा दृश्य कभी नहीं देखा

यहां 1300 कर्मचारी तैनात थे

कनाडा में सैन्य अड्डे पर धमाका, कई सैनिक मारे गए

धमाका



कनाडा के रक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने शनिवार को हादसे की जानकारी देते हुए।



कनाडा के सैन्य अड्डे पर विस्फोट के बाद आग तेजी से फैल गई। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है।

अल्बर्टा, एजेंसी

कनाडा के अल्बर्टा के सैन्य अड्डे पर शनिवार को जोरदार धमाके के बाद आग लग गई। इसमें कई सैनिक और कर्मचारी मारे गए। रक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने हादसे की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'मैंने ऐसा दर्दनाक दृश्य पहले कभी नहीं देखा।' मृतकों और घायलों की संख्या फिलहाल नहीं बताई गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर इसे गंभीर घटना बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन साथ मिलकर राहत और बचाव के काम में जुटी है। इस सैन्य अड्डे पर 1300 से ज्यादा सैनिक और कर्मचारी काम करते है।

डॉक्टर बोले- स्वास्थ्य केंद्र मरीजों से भरे

स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, विस्फोट के बाद तेज हवाओ के कारण आग सैन्य अड्डे के आसपास तेजी से फैल गई। कई इलाकों से दमकलकर्मी आग बुझाने के लिए पहुंचे।

रॉयल एलेक्जेंड्रा अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर वॉरेन थिर्स्क ने इसे 15 से 25 साल में एक बार होने वाली बड़ी आपदा बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि शहर के स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह भर गए। अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि धमाका कैसे हुआ और आग लगने की वजह क्या थी। रक्षा मंत्री मैकगिन्टी ने कहा कि कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) घटना की जांच कर रही है।



कनाडा के सैन्य अड्डे पर आग लगने की घटना के बाद एडमंटन के अस्पतालों में बड़ी संख्या में घायलों को लाया गया।

> **अल्बर्टा में यह सैन्य अड्डा कनाडा के अहम आर्मी ट्रेनिंग कैंप्स में से एक है। यहां सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार किया जाता है। यहां कनाडियन मैनूवर ट्रेनिंग सेंटर भी है, जहां जवान युद्ध के मैदान जैसी परिस्थितियों में ट्रेनिंग लेते हैं। इसके अलावा, यहां तीसरे कनाडाई डिवीजन के सैनिकों को भी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है।**

सऊदी अरब में एएच-6आई टोही हेलीकॉप्टर क्रैश

नई दिल्ली, एजेंसी



सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार नजरां में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर जहां दुर्घटनाग्रस्त हुआ हैं वो सऊदी नेशनल गार्ड मंत्रालय के अधिकार वाला क्षेत्र है।

सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि सऊदी अरब के नजरां में एएच6आई (AH-6i) टोही हेलीकॉप्टर दुर्घट-नाग्रस्त होने से दो क्रू मेंबर की मौत हो गई है। बता दें कि नजरां के दक्षिण-पश्चिम इलाके पर कई बार हूती विद्रोहियों के हमले हो चुके हैं। गठबंधन और इन उग्रवादियों के समूह के बीच जंग तेज हो गई है। इसके साथ ही ये अमेरिका के लिए भी एक चुनौती बनता जा रहा है। बीते कुछ महीनों से ईरान और अमेरिका जंग जारी है। इस जंग में हूती विद्रोहियों ने भी अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।

सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के दावे से उलट इधर हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने हेलीकॉप्टर को मार गिराने का दावा किया है। शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' (ट्विटर) पर पोस्ट में इससे जुड़ा दावा किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया कि उनके समूह ने नजरां के पास सऊदी अरब के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को मार गिराया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि ये हेलीकॉप्टर सीमा के पास हमारे ठिकानों को निशाना बनाने का काम कर रहा था।

फास्ट न्यूज

सोना इस हफ्ते 3 हजार रुपए सस्ता, 1.46 लाख आया

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड के दाम 3,004 रुपए गिरकर 1.46 लाख रुपए आ गए है। इसे पहले ये बीते हफ्ते यानी 9 अक्तूबर को 1.49 लाख रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2.21 लाख रुपए से गिरकर 2.11 लाख रुपए पर आ गए हैं।

कनाडा के अल्बर्टा मिलिट्री बेस पर लगी भीषण आग

ओटावा। कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के प्रमुख सैन्य ठिकाने पर शनिवार को हादसे के बाद भीषण आग लग गई। इस घटना में कई लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। रक्षा मंत्री डेविड मैकगिंन्टी ने घटना की पुष्टि करते हुए दुख जताया, हालांकि उन्होंने अभी हताहतों की सटीक संख्या या हादसे के कारणों का खुलासा नहीं किया है। रक्षा मंत्री डेविड मैकगिंन्टी ने कहा कि स्थिति बेहद गंभीर, सक्रिय और संवेदन-शील बनी हुई है। मामले की जांच में रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस भी शामिल हो गई है।

मिड टर्म इलेक्शन से पहले अमेरिका में 'नो किंग्स' रैलियां

वाशिंगटन। अमेरिका में तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले शनिवार को देशभर में 'नो किंग्स' नेटवर्क द्वारा बड़े पैमाने पर रैलियों और प्रदर्शनों का आयोजन किया गया। हालांकि, आयोजकों ने इन्हें गैर-दलीय बताया लेकिन 'नो किंग्स' मूल रूप से राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के फैसलों तथा सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए जाना जाता रहा है।

अंबानी से जामनगर में मिलेंगे अमेरिकी मंत्री

टेक्सास रिफाइनरी में रिलायंस के निवेश पर चर्चा संभव

लंदन, एजेंसी




अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो अगले हफ्ते दो दिन के भारत दौरे पर आ रहे हैं। अपने इस दौरे के दौरान वे गुजरात में रिलायंस इंडस्ट्रीज के रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स में करीब 9 घंटे बिताएंगे। यहां रिलायंस के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी से उनकी मुलाकात भी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिका के टेक्सास में एक ऑइल रिफाइनरी में बड़ा निवेश करने की तैयारी में है। इसी वजह से यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। रुबियो के तय कार्यक्रम के मुताबिक, वे 20 अक्टूबर को सबसे पहले मुंबई पहुंचेंगे। 21 अक्टूबर को वे जामनगर के लिए रवाना होंगे। वहां वे मुकेश अंबानी से मिलेंगे और रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स का जायजा लेने का साथ 'वनतारा' वाइल्डला-इफ एंड एनिमल रिहैबिलिटेशन सेंटर को भी देखने जा सकते हैं। गुजरात निकलने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत के दूसरे बड़े उद्योगपतियों से भी मुलाकात होनी है। अमेरिका में आने वाले नवंबर में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं और वहां डीजल की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ी हुई हैं। रणनीतिक फर्म 'टेनेओ' के साउथ एशिया एडवाइ-जर अर्पित चतुर्वेदी के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन किसी भी तरह बाजार में फ्यूल की सप्लाई बढ़ाना चाहता है ताकि कीमतें नीचे आ सकें।

6 लोगों को पकड़ा, पुलिस बोली- उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं

बांग्लादेश में पिस्तौल लेकर ड्रग्स तस्करों को पकड़ने पहुंचे मंत्री

ढाका, एजेंसी



बांग्लादेश में एक मंत्री का हाथ में पिस्तौल लेकर ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई करने का वीडियो सामने आया है। मंत्री इशराक हुसैन राजधानी ढाका की एक बस्ती में अपने साथियों के साथ पिस्तौल लेकर घूमते, लोगों से बात करते दिख रहे हैं।

उनके साथ के लोग स्थानीय निवासियों को पकड़ते और तिरपाल से बनी झोपड़ियां तोड़ते दिख रहे हैं। यह घटना शनिवार को गेंडारिया इलाके में हुई। मंत्री और उनके लोगों ने 6 लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

वीडियो सामने आने के बाद मंत्री के ऐसा करने को लेकर आलोचना हो रही है। पुलिस ने भी साफ किया है कि छापेमारी का अधिकार कानून लागू करने वाली एजेंसियों के पास है।

इशराक ने कहा कि ड्रग्स की वजह से देश के युवा बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वे पिछले 6 महीने से इस मामले में जानकारी जुटा रहे थे।

मंत्री ने कहा कि अगर उनकी अपनी पार्टी का कोई व्यक्ति ड्रग्स के कारोबार में शामिल पाया गया, तो उसे और कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यह उनकी कार्रवाई का सबसे अहम राजनीतिक पहलू है। उन्होंने कहा, ड्रग्स के खिलाफ यह अभियान मेरे निर्वाचन क्षेत्र से शुरू हुआ है। यह पूरे बांग्लादेश में फैलेगा। देश में कहीं भी ड्रग्स के लिए जगह नहीं होगी। मंत्री ने कहा कि जो लोग बाहर से आकर ड्रग्स की सप्लाई करने वालों को पकड़ने में मदद करेंगे, उन्हें वे सम्मान देंगे। खबर के मुताबिक, पकड़े गए लोगों ने हाथ जोड़कर छोड़ने की अपील की।

मंत्री ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया

बांग्लादेश के राज्य मंत्री इशराक हुसैन ने बाद में अपने फेसबुक पेज पर कार्रवाई का वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने दावा किया कि कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को पकड़ा गया।

हालांकि, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मलिक अहसान उद्दीन सामी ने बताया कि पुलिस 10 लोगों को गेंडारिया थाने लेकर गई। उनके मुताबिक, मंत्री ने कुछ लोगों को पकड़ने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने जांच के बाद उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि छापेमारी करने का अधिकार केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों को है। हालांकि, बांग्लादेश में कोई भी नागरिक अपराध के संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर सकता है।

गेंडारिया थाने के प्रभारी मोनिरुज्जमान मोनिर ने बताया कि पकड़े गए लोगों के पास से सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला है। लेकिन यह ड्रग्स है या नहीं, इसकी पुष्टि प्रयोगशाला में जांच के बाद ही होगी।



मंत्री ने कहा, "कोई तुम्हें हाथ नहीं लगाएगा और न ही तुम्हें नुकसान पहुंचाएगा। तुम्हें थाने ले जाया जाएगा और पुलिस जरूरी कार्रवाई करेगी। हम यहां तुम्हें पीटने नहीं आए हैं। देश कानून से चलेगा। तुम्हारा मुकदमा चलेगा और न्यायिक प्रक्रिया के तहत सजा मिलेगी।"

पाक-अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी

7 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत, इस साल दोनों देशों के बीच हमलों में 1100 आम नागरिक मारे जा चुके

इस्लामाबाद/काबुल, एजेंसी



पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर शनिवार को भारी गोलीबारी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए है।

वहीं, पाकिस्तान ने दावा किया है कि जवाबी हमले में कई अफगान तालिबानी लड़ाके मारे गए और उनका एक सैन्य ठिकाना तबाह कर दिया गया। दोनों देशों के बीच यह झड़प विवादित डूरंड लाइन पर हुई।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में अब तक अफगानिस्तान में सीमा पार से होने वाली हिंसा के कारण 1100 से ज्यादा नागरिकों की मौत हुई है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले साल अक्टूबर में सीमा पर बड़ी झड़पों के बाद से कई बार सैन्य टकराव हो चुका है। विवाद की एक बड़ी वजह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान का तालिबान प्रशासन TTP को पनाह देता है और उसके लड़ाके अफगान जमीन से सीमा पार हमलों की योजना बनाकर उन्हें अंजाम देते हैं। हालांकि, काबुल इन आरोपों को खारिज करता है।

TTP, अफगान तालिबान का करीबी सहयोगी है और दोनों एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। 2001 में अफगानिस्तान पर अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया था, जिससे नाराज होकर TTP ने पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ लड़ाई शुरू की।

संगठन पाकिस्तान सरकार को इस्लाम के खिलाफ मानता है। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद पाकिस्तान ने TTP को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले भी किए।

पाकिस्तान ने 1 अक्टूबर को अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की थी। इन हमलों में 9 लोगों की मौत और 11 लोग घायल हुए। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

पाकिस्तान बोला- अफगान लड़ाकों ने गोलीबारी की शुरुआत की

पाकिस्तान ने कहा कि अफगान सीमा रक्षकों ने उसके चेकपॉइंट्स पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। वहीं, अफगान सुरक्षा सूत्रों ने पाकिस्तान पर संघर्ष शुरू करने और बिना अनुमति सीमा चौकियां बनाने की कोशिश का आरोप लगाया।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैनिकों को नुकसान पहुंचाने के दावे किए हैं। अफगान सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पहले गोलीबारी की। उनके मुताबिक, अफगान बलों ने जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों को नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान ने इसके उलट कहा कि अफगान सीमा रक्षकों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में उसके चेकपॉइंट्स पर गोली चलाई।

पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को हुई एक अलग गोलीबारी में कई अफगान तालिबान लड़ाकों को मारने का दावा किया। उन्होंने एक तालिबानी सैन्य बेस कैंप नष्ट करने की बात भी कही। इस्लामाबाद ने आरोप लगाया कि अफगान बलों ने आतंकियों को पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसाने में मदद के लिए गोलीबारी की। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की।

प्रदर्शनकारियों को इमैनुएल मैक्रों ने दी वॉर्निंग

नई दिल्ली, एजेंसी



फ्रांस में बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, स्कूलों के खराब हालात और सरकार की नीतियों के खिलाफ छात्रों और कई यूनियन सड़क पर उतर गए हैं। कई जगहों पर व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी कड़ी में कुछ अराजकतावादी लोगों ने जमकर उत्पाद मचाया। उपद्रवियों ने फ्रांस के लिमोज शहर में काफी पुराने ऐतिहासिक टाउन हॉल (Hotel de Ville) में आगजनी की। इस पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ट्वीट कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो ने ट्वीट कर कहा कि हमारे गणतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। जिन लोगों ने सरकारी कार्यालयों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमला एवं टाउन हॉल में लूटपाट की है उन पर एक्शन लिया जाएगा। सरकार उन पर मुकदमा चलाएगी। उन्हें कानून के तहत दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करने के अधिकार की रक्षा करने वाली कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रति मैं पूरे राष्ट्र की ओर से अपना समर्थन जताता हूं। उन्होंने अपने बयान में आगे कहा कि हम सब मिलकर उन अराजकता फैलाने वाले लोगों के खिलाफ खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि जो हमारी संस्थाओं को नष्ट करना चाहते हैं और जो लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखना चाहते हैं, वो उन्हें ऐसा करने से रोकना चाहते हैं।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी जलते हुए पुराने ऐतिहासिक टाउन हॉल का वीडियो ट्वीट कर इसकी अलोचना की है।

मुनाफा : डिप्टी एमडी कैजाद भरूचा का इस्तीफा, दूसरी तिमाही के नीतेजे उम्मीद के मुताबिक

एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 5% बढ़कर 19,510 करोड़

मुंबई, एजेंसी



HDFC बैंक ने जुलाई से सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक को इस तिमाही में कुल 19,510 करोड़ का मुनाफा हुआ है, जो पिछले साल इसी समय के मुकाबले करीब 5% ज्यादा है। उस तिमाही में बैंक को 18,641 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

बैंक की मुख्य कमाई लोगों को दिए गए कर्ज पर मिलने वाले ब्याज से होती है। इसे NII यानी नेट इंटरेस्ट इनकम कहते हैं। वह बढ़कर 34,619 करोड़ पर पहुंच गई है। इसमें पिछले साल के मुकाबले करीब 10% की बढ़त दर्ज की गई है। पिछले साल यह करीब 31,550 करोड़ थी। बाजार के जानकारों ने अनुमान लगाया था कि इस बार बैंक का मुनाफा करीब 19,567 करोड़ और ब्याज से कमाई 34,861 करोड़ रह सकती है। बैंक के जो असली आंकड़े सामने आए हैं, वे इन अनुमानों के बेहद करीब हैं। यानी बैंक का काम-काज मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। बैंक के MD और CEO शशिधर जगदीशन ने कहा कि बैंक की कुल कमाई अच्छी रही है। खास तौर पर आम लोगों और छोटे कारोबारियों को दिए जाने वाले लोन में बढ़िया तेजी आई है। इसके अलावा, आने वाले 3 महीनों में बैंक के मुनाफे का मार्जिन और बेहतर होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को दिया गया पैसा समय पर वापस मिलना और डूबा हुआ कर्ज कम होना हमेशा से बैंक की सबसे बड़ी ताकत रही है, और यह आगे भी बनी रहेगी। शशिधर जगदीशन की जगह अब अनूप बागची MD और CEO होंगे। वे इसी महीने 27 अक्टूबर से नई जिम्मेदारी संभालेंगे। जगदीशन ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि अनूप बागची के आने से बैंक को नई सोच और नई दिशा मिलेगी। बैंक के डिप्टी एमडी कैजाद भरूचा ने इस्तीफा दे दिया है। अनूप बागची ने कहा कि 1995 से लेकर अब तक हर दौर में HDFC बैंक की लोन वसूली और लोन की स्थिति को मजबूत बनाए रखने में कैजाद भरूचा और उनकी टीम का बहुत बड़ा रोल रहा है।

लोन बांटने और जमा पैसों में डबल-डिजिट ग्रोथ

30 सितंबर 2026 तक बैंक की ओर दिया गया कुल लोन सालाना आधार पर 16.3% बढ़कर 32,19,500 करोड़ पर पहुंच गया। इसे बैंक की भाषा में ग्रॉस एडवांसेज कहा जाता है।

वहीं बैंक में जमा कुल पैसा भी 18.8% बढ़कर 33,27,400 करोड़ हो गया। ये पैसा दो तरह से आता है। सेविंग और करेंट अकाउंट डिपॉजिट यानी CASA और फिक्स्ड डिपॉजिट।


सेविंग्स और करंट अकाउंट में जमा पैसा 10.8% बढ़ा। बैंक में जमा कुल पैसों में CASA का हिस्सा 31.6% रहा। जबकि फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) में 22.8% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

डूबा हुआ पैसा कम हुआ, लोन वसूली तेज

बैंक के ग्राहकों के दिए कर्ज की स्थिति यानी एसेट क्वालिटी भी बेहतर हुई है। यानी लोगों को दिया गया पैसा समय पर वापस लौट रहा है और बैंक का डूबा हुआ पैसा कम हुआ है। बैंक का वास्तविक फंसा हुआ कर्ज यानी नेट NPA अनुपात घटकर मात्र 0.37% रह गया है, जो इससे ठीक पिछली तिमाही में 0.41% और पिछले साल की समान तिमाही में 0.42% था।

पाकिस्तानः बलूचिस्तान के खुजदार में भूकंप से 1 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को आए तेज भूकंप से एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि कई कच्चे मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई। तेज झटकों के कारण लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए और खुले मैदानों में शरण ली। शनिवार सुबह करीब 10:07 बजे खुजदार जिले और आसपास के क्षेत्रों में तेज झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के नेशनल सिस्मिक मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, भूकंप का केंद्र खुजदार से 48 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 25 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। नाल इलाके में पहाड़ से एक बड़ी चट्टान गिरने के कारण वाध निवासी अब्दुल रहीम की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि तेज झटकों के चलते नाल के बेसार क्षेत्र में स्थित अनारी में पहाड़ से चट्टानें खिसकने लगी थीं, जिसकी चपेट में आने से यह दुखद हादसा हुआ। तेज कंपन के कारण ग्रामीण इलाकों में बने कई पारंपरिक मिट्टी के मकान ढह गए या उनमें गहरी दरारें आ गईं। प्रशासन राहत और बचाव कार्यों के साथ नुकसान का आकलन कर रहा है। पाकिस्तान भौगोलिक रूप से भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों की सीमा पर स्थित है। इस वजह से यह क्षेत्र दुनिया के सबसे संवेदनशील सिस्मिक जोन में आता है। इससे पहले 27 जून को 5.4 तीव्रता और अप्रैल में अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में आए 5.5 तीव्रता के भूकंप के कारण इस्लामाबाद, पेशावर और खैबर पख्तूनख्वा समेत कई हिस्सों में तेज झटके दर्ज किए गए थे।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96